▪ कार्तिक शुक्ल - 11 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 108 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरू » मंगलवार » 12-11-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 घुसपैठियों की पहचान के लिए समिति गठित करेगी भाजपा : अमित शाह

6 सार्क की चुनौतियों से कैसे निपटेगा भारत?

7 रश्मिका मंदाना ने अल्लू अर्जुन को दिया खास तोहफा

## फर्स्ट टेक

### दस साल पुराने जन धन खातों का दोबारा केवाईसी करें बैंक: वित्तीय सेवा सचिव

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सोमवार को बैंकों से कहा कि वे ऐसे जन धन खातों के लिए नए सिरे से केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रक्रिया अपनाएं, जिनका अद्यतन होना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) 2014 में शुरू की गई थी। अगस्त, 2014 से दिसंबर, 2014 की अवधि के दौरान लगभग 10.5 करोड़ पीएमजेडीवाई खाते खोले गए थे। इन खातों का अब 10 साल के बाद पुन: केवाईसी होना है। नागराजू ने बैंकों से आग्रह किया कि वे पीएमजेडीवाई योजना की शुरुआत के समय वाले उत्साह के साथ काम करें और ग्राहकों को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए पुन: केवाईसी का कार्य पूरा करें।

### धर्मांतरण में शामिल एनजीओ का एफसीआरए लाइसेंस रद्द किया जाएगा

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घोषणा की है कि ऐसे किसी भी एनजीओ का एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा, जो विकास विरोधी गतिविधियों, धर्मांतरण या दुर्भावनापूर्ण इरादे से विरोध-प्रदर्शन भड़काने में शामिल है या फिर जिसके आतंकवादी या कट्टरपंथी समूहों के साथ संबंध हैं। आधिकारिक वेबसाइट पर सोमवार को अपलोड किए गए नोटिस में गृह मंत्रालय ने कहा कि जिन एनजीओ के विदेशी चंदा स्वीकार करने से सामाजिक या धार्मिक सद्भाव प्रभावित हो सकता है या जो प्रेरित या जबरन धर्मांतरण में शामिल हैं, विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए), 2010 के तहत उनका पंजीकरण भी रद्द कर दिया जाएगा।

### चाड सेना ने बोको हराम के 96 आतंकवादियों को किया ढेर

**याउंडे/एजेन्सी।** मध्य अफ्रीकी देश चाड की सेना ने एक अभियान के तहत कम से कम 96 बोको हराम आतंकवादी मार गिराया और 11 अन्य घायल हुए हैं। चाड की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सैनिकों द्वारा शनिवार को चलाये गये अभियान के दौरान उनके पांच सैनिकों की मौत हो गयी और 32 अन्य घायल हुए हैं। सेना के प्रवक्ता जनरल इसाख अचेख ने एक बयान में कहा कि सैनिकों ने अभियान के दौरान आतंकवादियों के पास से हथियार और उपकरण भी जब्त किए हैं। अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने कहा, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

### जापान की संसद ने इशिबा को एक बार फिर प्रधानमंत्री चुना

**टोक्यो/एपी।** जापान की संसद ने शिगेरू इशिबा को सोमवार को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री चुना। इशिबा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को पिछले दिनों एक दशक से भी अधिक समय में अपनी सबसे बड़ी चुनावी हार का सामना करना पड़ा था, जिससे उन्हें शपथ लेने के लगभग एक महीने बाद ही दूसरी कैबिनेट के गठन के लिए मजबूर होना पड़ा था। इशिबा नीत लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसकी सहयोगी कोमीटो ने 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में 465 सदस्यीय निचले सदन में बहुमत खो दिया था। एलडीपी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के खिलाफ पार्टी की सुस्त कार्रवाई को सत्तारूढ़ गठबंधन की चुनावी हार की मुख्य वजह माना गया था। आम चुनाव के 30 दिन के भीतर नये नेता के चयन के लिए जरूरी मतदान के वास्ते सोमवार को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया।

| | |
|---|---|
| 12-11-2024 सूर्यास्त 5:50 बजे | 13-11-2024 सूर्योदय 6:17 बजे |
| BSE 79,496.15 (+9.83) | NSE 24,141.30 (-6.90) |
| सोना 8,110 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 91,668 रु. प्रति किलो |

उच्चतम न्यायालय के

## 51वें प्रधान न्यायाधीश बने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना को 51वें मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। वह 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शीर्ष अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा मौजूदा और पूर्व न्यायाधीश, कई केंद्रीय मंत्री और अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ रविवार 10 नवंबर को शीर्ष अदालत के 50 वें प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अक्टूबर में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति खन्ना को शीर्ष अदालत का अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी। इसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद 24 अक्टूबर 2024 को केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने न्यायमूर्ति खन्ना के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने से संबंधित एक अधिसूचना जारी की।



### पहले ही दिन 45 मुकदमों की सुनवाई की

**नई दिल्ली/भाषा।** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पहले दिन ही 45 मुकदमों की सुनवाई की। उन्होंने शुभकामना देने के लिए वकीलों और बार पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। सीजेआई खन्ना दोपहर के समय उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश के अदालत कक्ष में दाखिल हुए। प्रधान न्यायाधीश अपराह्न 2.30 बजे तक अदालत कक्ष में रहे और 45 सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई की, जिनमें अधिकतर वाणिज्यिक वाद थे।

कर्नाटक के

## राज्यपाल ने मंत्री जमीर अहमद के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने को कहा

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने महाधिवक्ता से एक कार्यकर्ता की शिकायत पर राज्य सरकार में मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है। मंत्री के खिलाफ शिकायत में आरोप लगाया गया कि खान अदालत की अवमानना की कार्यवाही के लिए उत्तरदायी हैं। कार्यकर्ता टीजे अब्राहम ने 21 अक्टूबर को गहलोत से मुलाकात की और अनुरोध किया कि वह महाधिवक्ता को खान के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की उनकी अपील पर विचार करने का निर्देश दें।

अब्राहम ने आरोप लगाया कि खान ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को राजनीतिक निर्णय करार दिया, जिसमें एमयूडीए मामले में सिद्धरमैया के खिलाफ जांच की अनुमति दी गई थी। राजभवन के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमने कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए महाधिवक्ता को पत्र भेज दिया है।



मणिपुर के जिरिबाम में सुरक्षाबलों के साथ

## मुठभेड़ में 11 कुकी उग्रवादी ढेर

- **फौजी वर्दी में अत्याधुनिक हथियारों के साथ आये कुकी उग्रवादियों ने बोरोबेकरा थाने और नजदीक के सीआरपीफ शिविर पर अंधाधुध गोलियां दागनी शुरू कर दी जिसके बाद मुठभेड़ छिड़ गयी।**
- **सीआरपीएफ के दो जवान भी घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर में जिरिबाम जिले बोरोबेकरा में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फौजी वर्दी में आये इन उग्रवादियों ने बोरोबेकरा थाने और नजदीक के सीआरपीफ शिविर पर अंधाधुध गोलियां दागनी शुरू कर दी जिसके बाद मुठभेड़ छिड़ गयी। उनके पास अत्याधुनिक हथियार थे। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान भी घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

इन संदिग्ध उग्रवादियों की मौत के बाद कुकी-जो काउंसिल ने राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में मंगलवार को सुबह पांच से शाम छह बजे तक बंद का आह्वान किया है।

अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने बोरोबेकरा थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित जकुराडोर करोंग बाजार एवं उसके आसपास भी कुछ मकानों पर हमला करने के अलावा कई दुकानों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की तथा फिर दोनों पक्षों में मुठभेड़ छिड़ गयी जिसमें 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गये।

मणिपुर पुलिस ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' आज, 11 नवंबर, 2024 को दोपहर करीब तीन बजे, जिरिबाम जिले के जाकुरधोर स्थित सीआरपीएफ चौकी और बोरोबेकरा थाने (पास में स्थित) पर हथियारबंद उग्रवादियों ने हमला कर दिया। सुरक्षा बलों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की। हमले के कारण, संजीव कुमार नामक एक सीआरपीएफ कांस्टेबल को गोली लगी और उन्हें असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है।''

## जो सनातन और संत से बैर रखता है, उसे राजनीति करने का अधिकार नहीं : आचार्य प्रमोद कृष्णम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संभल (उप्र)/भाषा।** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सोमवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो संत और सनातन से बैर रखता है, उसे राजनीति करने का अधिकार नहीं है।

कल्कि पीठाधीश्वर और कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आज ऐंचोड़ा कंबोह में पत्रकारों से बातचीत में खरगे द्वारा सनातन ओर योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी करने के सवाल पर कहा, ''मल्लिकार्जुन खरगे नाम से लगता है कि वो हिंदू हैं, लेकिन काम से नहीं लगता कि वह हिंदू हैं।''



सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, ''पहले खरगे जी को बताना चाहिए वह कौन से हिन्दू हैं? कोई भी हिंदू संत महात्माओं का अपमान नहीं कर सकता और वह जिस तरह से बयान दे रहे हैं, उससे लगता है उन्हें सनातन से बैर है।''

कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा, ''जो संत और सनातन से बैर रखता है, मुझे नहीं लगता कि उसको भारत में राजनीति करने का अधिकार है।'' उन्होंने कहा, ''खरगे जी इतने बुजुर्ग नेता हैं, हिन्दू संतों का अपमान, सनातन का अपमान, भगवा का अपमान यह उन्हें शोभा नहीं देता, जो हिन्दू होगा वो हिंदू संतों का अपमान नहीं करेगा।''

प्रमोद कृष्णम ने कहा, ''योगी आदित्यनाथ जी भाजपा के नेता हैं, मुख्यमंत्री हैं, एक संत है, साधु-संन्यासी हैं, उनके विषय में इतनी हल्की टिप्पणी करना उनको (खरगे) शोभा नहीं देता।''

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे पर पलटवार करते हुए शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर में कहा कि जो लोग चाहते हैं कि देश एकजुट रहे, वे कभी भी इस तरह की विभाजनकारी टिप्पणियां नहीं करेंगे।

खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कहा कि पहले वह तय कर ले कि उसे योगी के नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकता के संदेश 'एक हैं, तो सेफ हैं' में से किसे अपनाना है।

इसके पहले खरगे ने पांच नवंबर को रांची में कहा, ''भाजपा के विचार सड़े हुये हैं और वह 'बटेंगे तो कटेंगे' में विश्वास करती है।''

## भाजपा ने खड़गे और राहुल की चुनाव आयोग से शिकायत की

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'आपत्तिजनक' भाषणों की चुनाव आयोग से शिकायत की और उनके विरुद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पार्टी महासचिव अरुण सिंह, भाजपा नेता संजय मयूख, ओम पाठक और प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमवार शाम यहां चुनाव आयोग में जाकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के विरुद्ध शिकायत का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं के भाषणों को उद्धृत करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग के परामर्श और निर्देशों के अलावा भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने के लिए भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 152, सार्वजनिक अराजकता को बढ़ावा देने वाले बयान के लिए धारा 353 (1) तथा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम सहित कोई बयान, झूठी जानकारी, अफवाह या रिपोर्ट प्रकाशित या प्रसारित करने एवं चुनाव के संबंध में वर्गों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 125 का उल्लंघन किया है।



## 'वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में उभर रहा है भारत'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज यहां कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण की आवाज़ के रूप में उभर रहा है और एसएटीआरसी 25 ज्ञान-साझाकरण और उभरती नीति और विनियामक चुनौतियों पर अभिनव दृष्टिकोणों के संगम के लिए एक उत्कृष्ट मंच के रूप में काम करेगा।

सिंधिया ने दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी -25) की 25वीं बैठक का उद्घाटन करते हुये कहा कि सुरक्षित, सुरक्षित और मानक संचालित भविष्य को विनियामक निकायों द्वारा नीतियों के निर्माण का मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया वैश्विक आईसीटी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और ऐसे नियमों की आवश्यकता पर बल दिया जो समावेशिता सुनिश्चित करते हुए नवाचार को प्रेरित करते हैं। नई तकनीकी प्रगति के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) का आगमन , हमारे राष्ट्रों के सबसे दूरस्थ कोनों तक दूरसंचार कवरेज का विस्तार करने का एक परिवर्तनकारी अवसर प्रस्तुत करता है। मुझे आशा है कि एनटीएन के विकास से संचार प्रौद्योगिकियों में नए आयाम खुलेंगे, विविध क्षेत्रों में अभिनव अनुप्रयोगों को बढ़ावा मिलेगा और अंतत: संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (यूएन एसडीजी) की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा को आगे बढ़ाया जाएगा।

सिंधिया ने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में भारत के नेतृत्व को रेखांकित किया, ब्रॉडबैंड पहुंच का विस्तार करने, नियामक ढांचे को बढ़ाने और एक समावेशी डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

रूस के उप प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

## व्यापार और आर्थिक संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाएंगे रूस और भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत यात्रा पर आए रूस के उप प्रधानमंत्री (प्रथम)डेनिस मंटुरोव ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार और आर्थिक संबंधों, ऊर्जा, संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

पीएमओ ने बताया कि रूसी संघ के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। बयान में कहा गया, ''उन्होंने व्यापार और आर्थिक संबंधों, ऊर्जा, संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।''



बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी हालिया यात्राओं और बैठकों के दौरान लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन के लिए दोनों पक्षों के दलों की ओर से किए जा रहे निरंतर और संयुक्त प्रयासों का स्वागत किया। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को बधाई दी और कहा कि वह उनके साथ विचारों के निरंतर आदान-प्रदान के प्रति आशान्वित हैं।

### भारत और रूस ने वायु रक्षा को मजबूत बनाने के लिए 'पैंट्सिर वेरिएंट' समझौते पर हस्ताक्षर किये

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के एक प्रमुख उपक्रम ने 'पैंट्सिर वायु रक्षा मिसाइल-गन प्रणाली' के वेरिएंट पर सहयोग के लिए रूस के 'रोसोबोरोनएक्सपोर्ट' के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

पैंट्सिर वायु रक्षा प्रणाली ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसे अहम सैन्य और औद्योगिक केंद्रों को हवाई खतरों से बचाने व वायु रक्षा इकाइयों को मजबूत बनाने के लिए बनाया गया है। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) के अनुसार, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और 'रोसोबोरोनएक्सपोर्ट' के बीच समझौता ज्ञापन पर हाल ही में गोवा में पांचवें आईआरआईजीसी (भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग उपसमूह) के दौरान हस्ताक्षर किए गए। बीडीएल को 1970 में रक्षा मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में शामिल किया गया था। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के लिए निर्देशित मिसाइल प्रणालियों और संबद्ध उपकरणों का निर्माण करना था।

### नेतन्याहू ने हिज्बुल्ला पर पेजर, वॉकी-टॉकी हमलों में इजराइल की भूमिका स्वीकार की

**यरुशलम/भाषा।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया कि सितंबर में हिज्बुल्ला को निशाना बनाकर किए गए पेजर



 और वॉकी-टॉकी हमलों के पीछे उनका देश था, जिनमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गयी तथा 3,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा, ''रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया।'' हिब्रू मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, नेतन्याहू ने रविवार की साप्ताहिक मंत्रिमंडल बैठक के दौरान ये टिप्पणियां कीं। इजराइल ने अभी तक सार्वजनिक रूप से इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली थी लेकिन व्यापक अनुमान था कि सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए इन जटिल हमलों के पीछे उसका हाथ है। इन हमलों ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया था।

## देश में पहली बार 'अंतरिक्ष अभ्यास' शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अंतरिक्ष में भारत के राष्ट्रीय रणनीतिक उद्देश्यों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से अपनी तरह का पहला अभ्यास सोमवार को दिल्ली में शुरू हुआ जिसमें प्रमुख रक्षाध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने जोर देकर कहा कि अंतरिक्ष अब देश की रक्षा और सुरक्षा तंत्र का 'महत्वपूर्ण संबल' है।

रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि 'अंतरिक्ष अभ्यास - 2024', 'मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ' की रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा 11-13 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यह अभ्यास युद्ध के दौरान अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों और सेवाओं से जुड़े बढ़ते खतरों से निपटने के लिए है।




सीडीएस चौहान ने इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि अंतरिक्ष तेजी से भीड़भाड़ वाला, प्रतिस्पर्धात्मक और वाणिज्यिक होता जा रहा है। चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरिक्ष में राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने के लिए सैन्य नेतृत्व भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और शिक्षा जगत के साथ तालमेल बिठाकर नवाचार, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और अत्याधुनिक प्रणालियों के विकास को बढ़ावा दे।



# मरुधरा संघ ने मनाया दीपावली स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के मरुधरा संघ का 31वां स्नेह मिलन 10 नवम्बर को रेजिडेन्सी हॉलीडे रिसोर्ट में आयोजित किया गया। स्नेह मिलन के संपूर्ण लाभार्थी परिवार अनिल कुमार दीपक कुमार मोहनलाल संचेती कोरना निवासी का संघ की तरफ से स्वागत व अभिनंदन किया गया। समारोह में अनेक मनोरंजक कार्यक्रम सदस्यों के लिए रखे गए। कपल के लिए कपल रैंप व वॉक प्रतियोगिता में बड़े बुजुर्गों ने बड़ी जोश के साथ इसमें भाग लिया उनका जोश देखने लायक था। बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ सभी तरह के पुरुष एवं महिलाओं के लिए भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया!

पन्द्रह साल तक के बच्चों के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया व संघ के अध्यक्ष डूंगरमल पारख द्वारा स्वागत भाषण व सचिव विनोद भुरट ने संघ की रिपोर्ट पेश की व कोषाध्यक्ष उत्तम सालेचा ने आय व्यय हिसाब पेश किया। महिला मंडल की अध्यक्ष हेमा मकाना एवं सचिव आरती बागमार ने रिपोर्ट पेश की। नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष नवीन भुरट ने रिपोर्ट पेश की व अध्यक्ष किरण सालेचा एवं सचिव विक्रम विनायकिया के साथ पूरे नवयुवक मंडल का सहयोग सराहनीय रहा। मरुधरा संघ के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में अपना पूरा अमूल्य समय देकर एवं सहयोग देकर सफल बनाया। कार्यक्रम में संघ की नई कार्यकारिणी एवं नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल का गठन किया गया। संघ की नई कार्यकारिणी का निवर्तमान अध्यक्ष डूंगरमल पारख द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया व नये अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष को कार्यभार सौंपकर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन संघ मंत्री विनोद भुरट ने किया।



# गोपाष्टमी पर गौशाला में पूजन एवं सेवा कार्य

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। यहां मारवाड़ी युवा मंच, सेंट्रल बेंगलूरु ने 9 नवंबर को गोपाष्टमी के मौके पर बन्नरघट्टा रोड स्थित श्याम गौशाला में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान किया गया। श्याम गौशाला एक प्रतिष्ठित स्थान है, जहाँ 100 से अधिक गायें रहती हैं और उनके पालन-पोषण के लिए विशेष देखभाल की जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गोपालजी की पूजा से हुई। जिसके बाद गौ दान का आयोजन किया गया। इसके पश्चात हवन का आयोजन किया गया, जो एक शुद्धिकरण और आशीर्वाद की प्रक्रिया थी। गायों के लिए छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की सब्जियाँ, फल, पत्तियाँ, अनाज और दालें शामिल थीं, और अंत में सभी भक्तों को प्रसाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंच के सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के आयोजक गोपाल गोयल, और मंच के अन्य सदस्यों ने इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सतीश गोयल, सेक्रेटरी अग्रवाल समाज कर्नाटक, शिशिर अग्रवाल, रोहित केडिया, गौतम लोहिया, आयुष भिमसारिया, ऋतिक बंसल, पवन केजरीवाल और विश्वदीप ने भी भाग लिया और अपने योगदान से इस कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता बनाने में मदद की। उनके प्रयासों और समर्पण ने इस आयोजन को और भी भव्य और यादगार बना दिया।

## सहयोग
दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर के सदस्यों द्वारा 11 नवम्बर को एक साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी म. सा. के सान्निध्य में संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें संतों को दी जाने वाली गोचरी की बारिकियों के बारे में बताया गया। बाद में मंडल की अध्यक्ष मंजु गादिया और अन्य सदस्यों ने महालक्ष्मी आश्रम, गीता आश्रम और मातृ आश्रम में जाकर वस्त्र, खिलौने और दैनिक आवश्यकता का सामान वितरित किया।

## अभिनंदन
दक्षिण भारत राष्ट्रमत



श्री गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक द्वारा आगामी 17 नवंबर को बेंगलूरु में महावीर धर्मशाला में आयोजित किये जा रहे कर्नाटक गज केसरी गणेशलालजी म.सा. के 145वें जन्मोत्सव समारोह के संपूर्ण लाभार्थी रणजीतमल जितेन्द्रकुमार आगमकुमार कानूंगा का सोमवार को सम्मान किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें आमंत्रण पत्रिका देकर अभिनंदन किया। रणजीतमल कानूंगा ने समारोह में बेंगलूरु में विराजमान सभी स्थानकवासी साधु साध्वी भगवंतों का सानिध्य प्राप्त करने हेतु आयोजन की विशाल स्तर पर तैयारियों हेतु प्रसन्नता प्रकट करते हुए समिति का आभार व्यक्त किया।

## संतों के दर्शन
दक्षिण भारत राष्ट्रमत



यहां श्री वसी मालाणी बाड़मेर जैन संघ के सदस्यों ने श्री जिनकुशल सूरि जैन आराधना भवन के पवित्र प्रांगण में चातुर्मास हेतु विराजित मुनिश्री मलयप्रभ सागरजी म.सा एवं प्रिय स्वर्णजनाश्री म.सा के दर्शन वंदन कर मंगल आशीर्वाद लिया। मुनिश्री मलयप्रभ सागरजी ने मंगल आशीर्वाद देते हुए यह प्रेरणा दी कि बाड़मेर खरतरगच्छ संघ की राजधानी हैं आप सभी को महीने में एक बार कोई भी सामूहिक धार्मिक कार्यक्रम वहां रखना चाहिए। अध्यक्ष कैलाश संखलेचा से सभी का धन्यवाद करते हुए कहा जरूर आप के आदेश का पालन करने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर संघ के बहुत से सदस्यगण उपस्थित थे।

# तेलंगाना : 'फार्मा विलेज' के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में विक्राबाद जिले के गांव में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब 'फार्मा विलेज' के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे कुछ ग्रामीणों ने कथित तौर पर प्रशासन के अधिकारियों के वाहनों पर हमला कर दिया। घटना लागचरला गांव में प्रस्तावित 'फार्मा विलेज' को लेकर हो रही जन सुनवाई के दौरान हुई। टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर स्थानीय लोगों का एक समूह जिलाधिकारी प्रतीक जैन और अन्य अधिकारियों के साथ बहस कर रहा है।

# लोगों की स्थिति में सुधार के लिए महाराष्ट्र में सरकार बदलना जरूरी : पवार



**जलगांव/भाषा।** महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार पर निशाना साधते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को कहा कि अगर किसानों, महिलाओं और युवाओं की स्थिति में सुधार लाना है तो राज्य में ''परिवर्तन की अत्यंत आवश्यकता'' है।

पवार ने महा विकास आघाडी (एमवीए) के समर्थन में उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले के परोला में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए किसानों की आत्महत्या, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे उठाए और कहा कि लोगों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने के लिए सरकार में बदलाव जरूरी है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''बदलापुर में स्कूल जाने वाली लड़कियों के साथ अत्याचार किए गए। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मैं कितने उदाहरण दूं? महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के बजाय, उन्होंने घोषणा की कि हम अपनी प्यारी बहनों (लाडकी बहिन) को पैसे देंगे।'' वह अगस्त में ठाणे जिले के बदलापुर कस्बे के एक स्कूल में दो किंडरगार्टन लड़कियों के साथ एक सफाई कर्मचारी द्वारा कथित यौन उत्पीड़न का जिक्र कर रहे थे, जो बाद में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। एमवीए के स्टार प्रचारक पवार ने कहा, ''हम इसके (गरीब महिलाओं को लक्षित लाडकी बहिन योजना) विरोध में नहीं हैं। आपने उन्हें पैसे दिए, लेकिन आपकी प्यारी बहनों की हालत क्या है? केंद्र सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़े के अनुसार, 9,000 लड़कियां गायब हो गई हैं।''

# ऊना जिले में आलू की पैदावार कम होने से उत्पादन में गिरावट की आशंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ऊना (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में इस साल आलू का उत्पादन कम होने की आशंका है। गर्मियों के सीजन में भीषण गर्मी और सर्दियों की शुरुआत में देरी के कारण इस फसल की पैदावार में 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। गेहूं और मक्का के बाद आलू जिले की तीसरी मुख्य फसल है और इसे किसानों की आर्थिक स्थिति की बेहतरी में बड़ा सहारा माना जाता है।

ऊना में आलू की खेती का रकबा करीब 1,200 हेक्टेयर पर स्थिर बना हुआ है। हालांकि, किसानों के मुताबिक, पैदावार में करीब 30 प्रतिशत की गिरावट से इस साल उत्पादन प्रभावित होगा। जिले में सालाना करीब 20,000-25,000 टन आलू का उत्पादन होता है। किसान रविंद्र सैनी, अजय कुमार, देसराज और सुखविंदर ने कहा कि आलू की फसल को 3,000-3,600 रुपए प्रति क्विंटल का अच्छा दाम मिल रहा है, लेकिन सितंबर के पहले सप्ताह में उच्च तापमान के कारण फसल की पैदावार बहुत कम रही। जिले में 35 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर गेहूं की बुवाई होती है। इसमें से 28 हजार हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सुविधा नहीं है। असिंचित क्षेत्रों में समय-समय पर वर्षा की आवश्यकता होती है।



# वड़ोदरा में आईओसीएल रिफाइनरी में विस्फोट के बाद आग लगी

**वडोदरा/भाषा।** गुजरात के वडोदरा में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) की रिफाइनरी में सोमवार को विस्फोट होने के बाद आग लग गयी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के गंभीर रूप से झुलस जाने या मौत हो जाने की अब तक कोई सूचना नहीं है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) ज्योति पटेल ने कहा, ''बचाव अभियान चल रहा है। चीजें धीरे-धीरे स्पष्ट होंगी।'' वडोदरा के कोयली में आईओसीएल रिफाइनरी में करीब चार बजे विस्फोट होने के बाद आग लग गयी और उठता धुंआ कई किलोमीटर दूर से दिख रहा था।

रिफाइनरी में मौजूद कर्मियों को विस्फोट के बाद बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय विधायक धर्मेंद्रसिंह वाघेला ने कहा है कि किसी की जान नहीं गयी है, कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं एवं उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

# ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में 8-10% टूट सकता है रुपया : एसबीआई रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8-10 प्रतिशत तक कमजोर हो सकता है। एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। गौरतलब है कि डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। एसबीआई की इस रिपोर्ट का शीर्षक 'अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2024: ट्रंप 2.0 भारत और वैश्विक अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करेगा' है। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में कुछ समय के लिए गिरावट आ सकती है, जिसके बाद स्थानीय मुद्रा मजबूत होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की ऐतिहासिक वापसी ने बाजारों और चुनिंदा परिसंपत्ति वर्गों में जान फूंक दी है, हालांकि भारत के लिए चुनौतियों और अवसरों दोनों हैं। शुल्क में वृद्धि, एच-1बी वीजा प्रतिबंध और मजबूत डॉलर की संभावना से अल्पावधि में अस्थिरता आ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसे में भारत के लिए अपने विनिर्माण का विस्तार करने, निर्यात बाजारों में विविधता लाने और आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने के अवसर भी हैं।




# जोधपुर एसोसिएशन ने मनाया दीपावली स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जोधपुर एसोसिएशन का दीपावली स्नेह मिलन 10 नवंबर को माइक्रो लैब्स फार्म हाउस में अध्यक्ष कैलाश भन्साली और मानद मंत्री राजेश भण्डारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ। नूतन अध्यक्ष कैलाश भन्साली ने स्वागत अभिनंदन किया और मंत्री राजेश भण्डारी ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी पेश की। ज्योति भन्साली, अंजू दुगड़ और प्रमिला मेहता द्वारा मंगलाचरण के पश्चात अध्यक्ष, मंत्री, संरक्षक धीरेन्द्र कुमार, पदमराज मेहता, लक्ष्मीचंद भण्डारी टाइसा, उपाध्यक्ष सज्जन राज मेहता, कोषाध्यक्ष रौनक गुलेच्छा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंघी, अशोक व्यास, सहमंत्री नरेंद्र एस भण्डारी और देवेन्द्र कोठारी ने दीप प्रज्वलित कर स्नेह मिलन को उद्घाटित किया।

उपाध्यक्ष सज्जन राज मेहता ने बताया कि विशिष्ट प्रतिभावानों तथा प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। सदस्य परिवारों के लिए आयोजित स्नेह मिलन के प्रायोजक उम्मेद सा, लव और कुश मेहता परिवार का सम्मान पदाधिकारिगणों ने किया। दीवाली बम्पर लाटरी और सुरमई गीतों पर आधारित मनोरंजक कार्यक्रम भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहें। गायक कुणाल कुशवाहा और सुरमई गीतों की बहार की संयोजिका कविता भण्डारी, दीपाली भण्डारी, प्रिया भन्साली और कृति भण्डारी के कुशल संयोजन ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सज्जनराज मेहता ने संचालन किया और मानद मंत्री राजेश भण्डारी ने आभार व्यक्त किया।

स्नेह मिलन आयोजन और स्वरुचि भोज की व्यवस्था में पूर्व मंत्री जितेंद्र दुगड़, वीरेन्द्र भण्डारी, रवि खिंवसरा, प्रवीण भण्डारी, पंकज मेहता, अनिल मेहता, शेखर भन्साली का विशेष सहयोग रहा।



# तेलंगाना: केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार ने महिला को बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**करीमनगर (तेलंगाना)/भाषा।** करीमनगर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने सोमवार को चलते ट्रक की चपेट में आने वाली एक महिला को बचा लिया।

हुजूराबाद के सहायक पुलिस आयुक्त श्रीनिवासजी के अनुसार, एक ट्रक करीमनगर की ओर से हुजूराबाद की तरफ जा रहा था। उन्होंने कहा कि करीमनगर से करीब 25 किलोमीटर दूर सिंगापुर गांव के पास एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर जा रही एक महिला गिरने के बाद इस ट्रक की चपेट में आ गई। उन्होंने कहा, ''महिला के बाल चलते ट्रक के नीचे लगे उसके रॉड में फंस गए लेकिन वाहन को तुरंत रोका गया। महिला को कोई बाहरी चोट नहीं पहुंची।''

हुजूराबाद मंडल का दौरा कर रहे केंद्रीय मंत्री कुमार घटनास्थल के पास से विपरीत दिशा में गुजर रहे थे और उन्होंने घटना को देखते ही अपना वाहन रोक दिया। केंद्रीय मंत्री ने तुरंत पुलिस को उसे सुरक्षित निकालने का आदेश दिया और इसके बाद उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सिख विरोधी दंगा मामले में टाइटलर के खिलाफ हत्या का मुकदमा जारी रहेगा : दिल्ली उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या का मुकदमा जारी रहेगा।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने टाइटलर की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने दिल्ली की एक अदालत में उनके खिलाफ की जा रही सुनवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। अदालत मामले में अगली सुनवाई 29 नवंबर को करेगी। न्यायमूर्ति ओहरी ने कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि मुकदमा जारी रहेगा। यह मौजूदा कार्यवाही के परिणाम के अधीन होगा।

टाइटलर के वकील ने दलील दी कि इस मामले को मंगलवार को एक निचली अदालत में अभियोजन पक्ष के गवाह के बयान दर्ज करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है और संबंधित अदालत को यह निर्देश दिया जाए कि जब तक उच्च न्यायालय उनके मुवक्किल के खिलाफ हत्या एवं अन्य अपराधों के आरोप तय करने को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला नहीं सुना देता, तब तक मामले में सुनवाई न की जाए। आरोप तय किए जाने के खिलाफ टाइटलर की याचिका पहले ही 29 नवंबर को उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जा चुकी है, लेकिन उन्होंने मुकदमे पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए अदालत का रुख किया।

उनकी याचिका में कहा गया है कि अभियोजन पक्ष की गवाह निचली अदालत ने दर्ज कर ली है और बचाव पक्ष का वकील 12 नवंबर को उनसे जिरह करेगा। इसमें कहा गया है, ''टाइटलर की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका अभियोजन पक्ष की मंशा और सीबीआई द्वारा की गई जांच पर पर्याप्त सवाल उठाती है। इसलिए, इस अदालत का निचली अदालत को पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई पूरी होने तक मामले में आगे सुनवाई न करने का आदेश/निर्देश देना न्याय के हित में उचित है।''

# तेलंगाना को चंद्रशेखर राव की जरूरत नहीं : रेवंत रेड्डी



**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव पर कटाक्ष करते हुए सोमवार को कहा कि जनता ने उनकी पार्टी को चुनाव में हरा कर कुछ नहीं खोया है, और तेलंगाना को पूर्व मुख्यमंत्री की जरूरत नहीं है।

बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने कहा था कि तेलंगाना की जनता को एहसास हो गया है कि विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी की हार से उन्होंने क्या खोया है। नवनियुक्त सहायक मोटर वाहन निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए रेड्डी ने राव का नाम लिए बिना कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति से लोगों को कोई परेशानी नहीं है और तेलंगाना का समाज उन्हें पहले ही भूल चुका है। रेड्डी ने पूछा, उन्होंने (लोगों ने) क्या खोया है? आपके परिवार के चार लोग बेरोज़गार हो गए। क्या तेलंगाना के समाज ने कुछ खोया है? कांग्रेस सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद 10 महीनों में हजारों युवाओं को नौकरियां मिली हैं, 22 लाख से अधिक किसानों के लिए 18,000 करोड़ रुपए की फसल ऋण माफी लागू की गई है, एक करोड़ से अधिक महिलाएं सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर रही हैं, गरीबों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल रही है और गरीब महिलाओं को अन्य लाभों के अलावा 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर मिल रहे हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु को आईसीएफए का चेयरमैन नियुक्त किया गया



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु को भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद (आईसीएफए) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। परिषद ने सोमवार को कहा कि वैश्विक क्षेत्र में अनुभव, कई संयुक्त राष्ट्र निकायों में सेवा देने और जी-7 और जी-20 देशों के लिए भारत के शेरपा के रूप में प्रभु आईसीएफए के कृषि व्यापार, प्रौद्योगिकी और कृषि में निवेश को बढ़ावा देने और भारत में खाद्य और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के मिशन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। नई भूमिका में प्रभु का लक्ष्य किसानों को बाजार के अवसरों का लाभ उठाने में मदद करना और नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों, नीति अनुसंधान और वकालत, कृषि व्यवसाय और कृषि व्यापार को बढ़ावा देना है। अपनी नियुक्ति पर प्रभु ने कहा, ''एक साथ, हम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकते हैं, बुनियादी ढांचे और आपूर्ति शृंखलाओं में सुधार कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे किसानों को उनकी उपज का उचित मुआवजा मिले।''



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस नेताओं के साथ चन्नपटना उपचुनाव से पहले पार्टी उम्मीदवार सी.पी. योगेश्वर के समर्थन में एक जनसभा के दौरान।

# मंत्री जमीर अहमद ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी को 'कालिया' कहकर विवाद खड़ा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रामनगर। कर्नाटक सरकार में मंत्री बी.जेड. जमीर अहमद खान ने केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी को 'कालिया' कहकर विवाद खड़ा कर दिया। इसे काला रंग होने के नाते की गई एक नस्ली टिप्पणी के रूप में देखा जा रहा है। जनता दल (एस) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस सरकार से इस नस्ली टिप्पणी के लिए जमीर को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की।

खान ने अपनी प्रतिक्रिया पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनका मकसद कुमारस्वामी को ठेस पहुंचाना नहीं था। खान ने कहा कि कुमारस्वामी अक्सर उन्हें 'कुल्ला' (बौना) कहते हैं। राज्य सरकार में मंत्री ने कहा कि वह केंद्रीय मंत्री को 'करियान्ना' (काला भाई) कहते रहे हैं। खान ने रविवार को रामनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि चन्नापटना से कांग्रेस के उम्मीदवार सीपी योगीश्वर के पास इससे पहले भाजपा में जाने के अलावा कोई चारा नहीं था।



मंत्री ने कहा, हमारी पार्टी (कांग्रेस) में कुछ मतभेदों के कारण, उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। उनके पास भाजपा में शामिल होने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। वह जद(एस) में शामिल होने के लिए तैयार नहीं थे क्योंकि 'कालिया कुमारस्वामी' भाजपा से ज्यादा खतरनाक थे। अब वह (योगीश्वर) घर वापस (कांग्रेस में) आ गए हैं। चन्नापटना विधानसभा उपचुनाव में योगीश्वर का मुकाबला कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी से है, जो जद(एस) के टिकट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

जद(एस) ने जमीर के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, मंत्रियों एचसी महादेवप्पा, सतीश जारकीहोली, प्रियांक खरगे और केएच मुनियप्पा का रंग पूछा। पार्टी ने कहा, छोटी मानसिकता वाले व्यक्ति को मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त किया जाए। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने भी खान के बयान की निंदा की।

रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी को 'कालिया कुमारस्वामी' कहने के लिए कांग्रेस के नेता खान की कड़ी निंदा करता हूं। यह एक नस्ली टिप्पणी है, ठीक वैसे ही जैसे राहुल गांधी के सलाहकार ने दक्षिण भारतीयों को अफ्रीकी लोगों, पूर्वोत्तर वासियों को चीनी और उत्तर भारतीयों को अरब लोगों जैसा बताया था। इस बीच खान ने सोमवार को चन्नपटना में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका मकसद कभी भी कुमारस्वामी को ठेस पहुंचाना नहीं था। उन्होंने कुमारस्वामी के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को अपना 'राजनीतिक गुरु' भी कहा।

# 700 करोड़ की उगाही के आरोप को मोदी साबित कर दें तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हावेरी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कहा है कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह साबित कर दें कि कांग्रेस सरकार ने चुनावी राज्यों के लिए 700 करोड़ रुपये की उगाही की है तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने मोदी को यह चुनौती भी दी कि यदि वह महाराष्ट्र के अकोला में लगाये गए अपने आरोपों को साबित नहीं कर पाते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

सिद्दरामय्या ने रविवार रात हावेरी जिले के शिग्गांव में एक चुनावी जनसभा में कहा, मैं इस बात से हैरान हूं कि इस देश के प्रधानमंत्री इतना झूठ बोल रहे हैं। महाराष्ट्र में किसी स्थान पर चुनाव प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने महाराष्ट्र, झारखंड में भेजने और उपचुनावों पर खर्च करने के लिए आबकारी विभाग के जरिए 700 करोड़ रुपये की उगाही की है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''आज मैं नरेन्द्र मोदी को चुनौती देता हूं कि यदि आप इन आरोपों को साबित कर देते हैं तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। यदि आप नहीं साबित कर पाते हैं तो आपको संन्यास ले लेना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री इस तरह के आरोप लगाते हैं तो यह सच्चाई के करीब होना चाहिए, लेकिन ये दावे उससे कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि देश ने आजादी के बाद के इतिहास में ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जो इतना झूठ बोलता हो।

महाराष्ट्र के अकोला में प्रधानमंत्री ने कहा था, ''महाराष्ट्र में चुनाव के नाम पर कर्नाटक में वसूली दोगुनी हो गई है। महाराष्ट्र में जो चुनाव हो रहे हैं उसके नाम पर कर्नाटक और महाराष्ट्र में वसूली हो रही है। आरोप है कि कर्नाटक में इन लोगों (कांग्रेस) ने शराब की दुकानों से 700 करोड़ रुपये की वसूली की है।''

## इसरो प्रमुख सोमनाथ आज केआरईआईएस छात्रों को संबोधित करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ 12 नवंबर को यहां डॉ. बाबू जगजीवनराम अनुसंधान संस्थान में कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी (केआरईआईएस) के छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। केआरईआईएस की सलाहकार सैलीला मल्लादी ने बताया कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में अपने अग्रणी योगदान के लिए जाने जाने वाले सोमनाथ रॉकेट विज्ञान, अंतरिक्ष मिशन और इसरो में नेतृत्व के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय यात्रा के अनुभव साझा करेंगे।

मल्लादी ने कहा, युवा दर्शकों के साथ उनका हमेशा एक खास जुड़ाव रहा है। वे अक्सर छात्रों को संबोधित करते हैं और उन्हें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित क्षेत्रों में अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हमें उम्मीद है कि उनसे मिलने से हमारे दो लाख से ज़्यादा केआरईआईएस छात्रों को प्रेरणा मिलेगी।

# प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म और यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिका खारिज की और कहा कि रेवन्ना बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं। रेवन्ना की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि मामले में आरोपपत्र दाखिल किया गया है और शुरुआती शिकायत में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 नहीं थी। पीठ ने कहा कि वह रेवन्ना



को जमानत देने से इनकार करने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के 21 अक्टूबर के आदेश में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। रोहतगी ने छह महीने बाद अदालत का रुख करने की छूट देने का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि वह उसके बारे में कुछ नहीं कह सकती। इसके बाद पीठ ने याचिका खारिज कर दी। रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण एवं उत्पीड़न के चार मामलों की जांच कर रहे कर्नाटक के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अगस्त में 2,144 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया था।

आरोपपत्र उस मामले से संबंधित है जिसमें पूर्व विधायक पर उनके परिवार की घरेलू सहायिका के तौर पर काम करने वाली एक महिला से दुष्कर्म करने का आरोप है। जद(एस) नेता के खिलाफ दुष्कर्म के दो और यौन शोषण का एक मामला दर्ज है। प्रज्वल रेवन्ना होलेनरसीपुर से जद(एस) विधायक एच डी रेवन्ना का बेटा और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा का पोता है।

# कमल हासन की लोगों, प्रशंसकों से अपील : मुझे 'उलगा नायकन' कह कर संबोधित नहीं करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जाने माने अभिनेता कमल हासन ने सोमवार को लोगों एवं प्रशंसकों से उन्हें 'उलगा नायकन' (सार्वभौमिक नायक) जैसी उपाधियों से संबोधित नहीं करने की अपील की और कहा कि उन्हें सिर्फ उनके नाम से संबोधित किया जाना चाहिए। अभिनेता ने कहा कि सिनेमा, किसी भी व्यक्ति से बड़ा होता है और वह अब भी एक छात्र की तरह सीख रहे हैं।

मक्कल निधि मैयम (एमएनएम) पार्टी के अध्यक्ष हासन ने कहा कि उन्हें हमेशा ही इस तरह की स्नेह भरी उपाधियों से सम्मानित किए जाने पर गहरी कृतज्ञता का एहसास होता था। हासन ने 2018 में एमएनएम की स्थापना की थी।

अभिनेता ने एक बयान में कहा, इस तरह का सम्मान और प्रशंसा तथा सम्मानित सहयोगियों एवं प्रशंसकों द्वारा सराहा जाना हमेशा विनम्रता का एहसास कराता है और आपने मुझे जो प्यार दिया है उसके लिए मैं दिल से आभारी हूं।

शीर्ष अभिनेता ने कहा कि उनकी विनम्र राय है कि कलाकारों को कला से ऊपर नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं जमीन से जुड़ा रहना पसंद करता हूं, अपनी खामियों के बारे में लगातार जागरूक रहता हूं और सुधार करने



के अपने कर्तव्य को पूरा करता हूं। इसलिए, काफी विचार-विमर्श के बाद मैं ऐसी सभी उपाधियों या मेरे लिए इस्तेमाल विशेषणों को सम्मानपूर्वक अस्वीकार करना जरूरी महसूस करता हूं। उन्होंने अपने प्रशंसकों, फिल्म जगत के सदस्यों, मीडियाकर्मियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और 'साथी भारतीयों' से अनुरोध किया कि वे उन्हें केवल कमल हासन या 'कमल' ही कहें।

पूर्व में हासन को जिन उपाधियों से संबोधित किया जाता था, उनमें 'कलाई ज्ञानी' शामिल है, जिसका अर्थ है कला में पारंगत प्रतिभाशाली व्यक्ति। इसके अलावा, कई प्रशंसक उनकी अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करने के लिए उन्हें सगालाकला वल्लवन' के नाम से भी संबोधित करते हैं। एमएनएम के कार्यकर्ता उन्हें 'नम्मावर' कहते हैं, जिसका अर्थ होता है 'हमारा आदमी।'

अपने इस फैसले पर हासन ने कहा कि सिनेमा किसी भी व्यक्ति से बड़ा होता है।

## केरल साहित्य महोत्सव में 15 देशों के करीब 500 वक्ता शामिल होंगे

कोझिकोड/नई दिल्ली/भाषा। केरल के कोझिकोड में 23 जनवरी 2025 से आयोजित किए जाने वाले केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) में 15 देशों के करीब 500 वक्ता शामिल होंगे। चार दिवसीय महोत्सव में छह लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है जिनमें ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, श्रीलंका, सिंगापुर, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, यूनान, मिस्र, तुर्किये और इजराइल जैसे देशों सहित दुनिया भर के वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। अगले साल होने वाले महोत्सव में फ्रांस अतिथि राष्ट्र होगा और इसमें शामिल होने वालों को फ्रांसीसी भाषा, कला तथा दर्शन के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। महोत्सव में पुरस्कार विजेता लेखक-कवि पेरुमल मुरुगन, राजनीतिक नेता शशि थरूर, लेखिका एवं प्रकाशक उर्वशी भूटालिया, इतिहासकार मनु एस. पिल्लई और पत्रकार-लेखक राजदीप सरदेसाई बतौर वक्ता शामिल होंगे। इसे एशिया का सबसे बड़ा साहित्य महोत्सव माना जा रहा है। महोत्सव में साहित्यिक संवाद के अलावा प्रसिद्ध बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया जैसे कलाकार अपनी संगीतमय प्रस्तुति भी देंगे।

## एनएमडीसी का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 1,196 करोड़ रुपये पर

बेंगलूरु/नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी एनएमडीसी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 16.66 प्रतिशत बढ़कर 1,195.63 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,024.86 करोड़ रुपये रहा था।

एनएमडीसी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी सितंबर तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 5,279.68 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,335.02 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 2:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने को भी मंजूरी दे दी है।

इसके अलावा, अधिकृत शेयर पूंजी को 400 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये करने को भी मंजूरी दे दी गई है। इस्पात मंत्रालय के तहत एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन इकाई है, जो देश की प्रमुख इस्पात निर्माण कच्चे माल की मांग का लगभग 20 प्रतिशत पूरा करती है।

## राज्यपाल ने महाधिवक्ता से मंत्री के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने को कहा

बेंगलूरु।कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने महाधिवक्ता से एक कार्यकर्ता की शिकायत पर राज्य सरकार में मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। मंत्री के खिलाफ शिकायत में आरोप लगाया गया कि खान अदालत की अवमानना की कार्रवाई के लिए उत्तरदायी हैं।

कार्यकर्ता टीजे अब्राहम ने 21 अक्टूबर को गहलोत से मुलाकात की और अनुरोध किया कि वह महाधिवक्ता को खान के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की उनकी अपील पर विचार करने का निर्देश दें। अब्राहम ने आरोप लगाया कि खान ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को राजनीतिक निर्णय करार दिया, जिसमें एमयूडीए मामले में सिद्दरामय्या के खिलाफ जांच की अनुमति दी गई थी। राजभवन के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमने कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए महाधिवक्ता को पत्र भेज दिया है।



चन्नपटना में सोमवार जनता दल (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा प्रचार करते हुए।

# 'दिवालिया कर्नाटक सरकार' गृह लक्ष्मी योजना बंद कर देगी : देवेगौड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रामनगर। जनता दल (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने कहा है कि ''दिवालिया कर्नाटक सरकार'' गृह लक्ष्मी योजना को बंद कर देगी। देवेगौड़ा के बयान पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा जनता दल (एस) हमेशा से राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई सभी गारंटियों को रोकना चाहते थे।

'गृह लक्ष्मी' योजना कांग्रेस सरकार की पांच गारंटियों में से एक है, जिसके तहत गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। जनता दल (एस) के संरक्षक ने रविवार को एक चुनावी रैली में कहा, कांग्रेस सरकार ने खजाना खाली कर दिया है। पूरे राज्य में महिलाओं के बैंक खातों के लिए कोई गृह लक्ष्मी निधि नहीं है, लेकिन उन्होंने (कांग्रेस ने) चुनाव को ध्यान में रखते हुए चन्नपटना निर्वाचन क्षेत्र की महिलाओं के खातों में विशेष रूप से धन जमा किया है। देवेगौड़ा अपने पोते निखिल कुमारस्वामी के लिए वोट मांगने के वास्ते चन्नपटना में थे, जो जनता दल (सेकुलर) के टिकट पर विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, यह सरकार दिवालिया हो चुकी है। चुनाव के बाद वे फिर से पैसा जमा करना बंद कर देंगे।

उनके पास बेंगलुरु में गड्ढे भरने के लिए भी पैसे नहीं हैं; लोग गुस्से में हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवकुमार ने कहा, देवेगौड़ा ने कहा कि गृह लक्ष्मी गारंटी बंद कर दी जाएगी। वह इतनी अच्छी योजना पेश करने के पक्ष नहीं हैं। हम अपनी माताओं और बहनों के जीवन को आसान बनाने के लिए इसे दे रहे हैं, लेकिन भाजपा और जनता दल (सेकुलर) इसे छीनना चाहते हैं।

## पूजा



बेंगलूरु में सोमवार को महिला श्रद्धालु कार्तिक सोमवार की पूर्व संध्या पर कडु मल्लेश्वरम मंदिर में दीप जलाकर पूजा करती हुईं।

# राजनीतिक स्टंट करने के बजाय मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए : केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी

हावेरी (शिग्गांव)। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से आग्रह किया कि वे टालमटोल वाली प्रतिक्रिया देना बंद करें और तुरंत इस्तीफा दे दें। सोमवार को शिग्गांव में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जोशी ने जानना चाहा कि मुडा(मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) घोटाले में उन्हें और कितने सबूत चाहिए?

मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिद्दरामय्या को यह अच्छी तरह पता है कि यह उनका आखिरी कार्यकाल है, लेकिन वे बेहद बेशर्मी से शासन कर रहे हैं। उन्हें राजनीतिक स्टंट करना बंद कर देना चाहिए और पद छोड़ देना चाहिए। जोशी ने पूछा, आप दावा करते हैं कि मुडा साइटों के वितरण में आपकी कोई भूमिका या प्रभाव नहीं था, लेकिन क्या सच्चाई धीरे-धीरे सामने नहीं आ रही है? तहसीलदार एन. मंजूनाथ ने आपकी ओर से स्टाम्प ड्यूटी का भुगतान किया। इस बारे में आपका क्या कहना है?उन्होंने सिद्दरामय्या पर अपने करीबी सहयोगियों को 14 साइटें आवंटित करने और तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर का तबादला करने का आरोप लगाया। क्या यह सब मुख्यमंत्री के प्रभाव के बिना हुआ? जोशी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या घोटालों के जाल में घिरे हुए हैं। हाई-प्रोफाइल घड़ी मामले, अर्कावती डीनोटिफिकेशन, मुडा-, वाल्मीकि और अब आबकारी घोटाले सभी उनके झोली में हैं। जोशी ने कहा कि मुडा- घोटाले में मुख्य आरोपी (-1) सिद्दरामय्या प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती देते हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त मुख्यमंत्री को किस आधार पर भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री से इस्तीफा मांगने का अधिकार है?

# उपचुनाव में सातों सीट पर हारेगी भाजपा : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को दावा किया कि विधानसभा उपचुनाव में जनता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभाओं से दूरी बना ली है और वह (भाजपा) सभी सात सीट पर चुनाव हार जाएगी।

राज्य की झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, चौरासी, सलूंबर और रामगढ़ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा और 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

डोटासरा ने यहां कहा,चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी तथा कानून व्यवस्था कायम रखने में विफल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के मुखिया भजनलाल शर्मा को खाली कुर्सियों के सामने भाषण देकर संतोष करना पड़ रहा है। उपचुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं से जनता ने दूरी बना ली है।

उन्होंने कहा,भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में सातों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हार रही है। पार्टी प्रवक्ता के अनुसार, डोटासरा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार की विफलताओं और अकर्मण्यता के कारण पूरे प्रदेश की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनावों में सातों सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी होंगे।




# मुख्यमंत्री ने आदिवासी हित विरोधी गतिविधियों पर चिंता जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के वागड़ क्षेत्र में आदिवासी विरोधी गतिविधियों पर चिंता जाहिर करते हुये सोमवार को आदिवासी समाज से ऐसी गतिविधियों के प्रति सावधान किय। मुख्यमंत्री ने डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये कहा कि इस तरह की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों की भी मिलीभगत है। शर्मा ने कहा कि कुछ लोग आदिवासी भाई बहनों को बहला फुसलाकर के गलत रास्ते पर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने किसी का नाम लिये बगैर कहा, 'आदिवासी हितों के विरोधी लोगों की गतिविधियां हमसे छुपी नहीं है। हमें पता है कि यहां से योजना बनाकर लोगों को दूसरे स्थान पर भेजा जाता है और वहां से 'ब्रेनवाश' कर वापस लाया जाता है।'

शर्मा ने आदिवासी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल सरकारी कर्मचारियों को चेताते हुये कहा, मेरा सीसीटीवी कैमरा सभी जगह लगा हुआ है जो मेरे आदिवासी भाइयों तथा युवाओं को बरगलाने का काम करेगा और सरकार से तनख्वाह भी लेगा, तो ये मैं नहीं होने दूंगा।

उन्होंने मौजूद लोगों से कहा, 'आप संभलिए, ये वो लोग हैं जो सरकारी नौकरी भी कर रहे हैं और आपके बच्चों को दूसरे स्थानों पर भेजने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। क्योंकि इनको पता है कि अगर आदिवासी भाइयों के बेटे बेटियां पढ़ जाएंगी तो इनको कोई पूछने वाला नहीं है। ये भावनाओं को भड़का कर अपना काम सीधा करना चाहते हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए हमारी सरकार और हमने हमेशा से काम किया है। वागड़ क्षेत्र में आदिवासी बहुल डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिले आते हैं।

मुख्यमंत्री ने डूंगरपुर के सांसद राजकुमार रोत और उनकी पार्टी भारत आदिवासी पार्टी के अन्य नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें क्षेत्र के विकास की कोई चिंता नहीं है। शर्मा ने कहा, 'भाजपा की सरकार राजस्थान के विकास के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए हमने सरकार बनते ही हरेक क्षेत्र में प्रभावी तरीके से काम किया है।'

उन्होंने कहा ,'हमने युवाओं से कहा है कि आप मेहनत करिए आपको रोजगार मिलेगा। हमने पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियों को वादा किया है और अपने कार्यकाल के पहले साल में हमने एक लाख नौकरियों का वादा किया है। अभी हमने कैबिनेट में 90 हजार रिक्तियों को मंजूरी दी है।' राज्य में खाली पदों को लेकर उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य में चतुर्थ श्रेणी, सफाई कर्मी व चालकों के हजारों पद खाली हैं। लेकिन ये पद इन्हीं 11 महीने में खाली हो गए। शर्मा ने कहा, 'अगर वे छह साल पहले हमारे युवाओं को नौकरी दे देते तो इनका क्या जाता? ... क्योंकि इनकी नीयत में खोट थी।'

उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने हमेशा इसी तरह का काम किया है। उसने झूठ व लूट की राजनीति की है। उन्होंने भ्रष्टाचार की राजनीति की है।

इसलिए वे किसान, मजदूर के बेटे को रोजगार नहीं देना चाहते थे।' मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस मनाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। हमारी सरकार भी हर इलाके में 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस मनाएगी। राज्य की झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, चौरासी, सलूंबर और रामगढ़ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा और 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।



# एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर दो युवक पानी की टंकी पर चढ़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2021 को रद्द करने की मांग को लेकर दो युवक यहां एक पानी की टंकी पर चढ़ गए। पुलिस ने बताया कि लादूराम चौधरी (35) और विकास बिधूड़ी (34) रविवार दोपहर को हिम्मत नगर इलाके में एक ओवरहेड पानी की टंकी की सीढ़ी से चढ़ गए थे और अंतिम जानकारी मिलने तक उन्होंने नीचे उतरने से इनकार कर दिया है।

बजाज नगर की थानाधिकारी ममता मीणा ने कहा, दोनों ने पानी की टंकी से नीचे उतरने से इनकार कर दिया है। उन्हें मनाने के प्रयास जारी हैं। वे उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लादूराम ने उप निरीक्षक परीक्षा 2021 दी थी। युवाओं ने अपनी समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने के लिए टंकी पर एक बैनर लगाया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने यह परीक्षा रद्द करने या न करने का फैसला करने के लिए एक अक्टूबर को छह मंत्रियों की एक कैबिनेट समिति बनाई थी।

परीक्षा में 800 से अधिक अभ्यर्थी चयनित हुए थे और पुलिस अकादमियों में प्रशिक्षण ले रहे थे। लेकिन प्रश्नपत्र लीक का मामला सामने आने के बाद इनमें से 50 प्रशिक्षु एसआई को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा की जा रही है।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल को एसआई भर्ती परीक्षा-2021 की समीक्षा के लिए गठित छह सदस्यीय कैबिनेट समिति का संयोजक बनाया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री मंजू बाघमार समिति के सदस्य हैं।



# भजनलाल ने महेन्द्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को उदयपुर के समोर बाग पहुंचकर मेवाड़ के पूर्व राज परिवार सदस्य एवं पूर्व सांसद स्व. महेन्द्र सिंह मेवाड़ की पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शर्मा ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान सांसद मदन राठौड़, सांसद सीपी जोशी, विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, श्रीचंद कृपलानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# स्काउट गाइड ने मानव श्रृंखला बनाकर किया वोट डालने का अनुरोध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

डूंगरपुर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड ब्लॉक चिखली जिला डूंगरपुर के तत्वावधान में स्वीप अभियान के तहत राउमावि. कुआं में मानव श्रृंखला बनाकर विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। सी.ओ. स्काउट सुनील कुमार सोनी ने बताया कि जिले के स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने विधानसभा उपचुनाव में दिव्यांग एवं वृद्धजनों की सहायता के लिए सभी बूथों पर स्काउट गाइड दिव्यांग मित्र बनकर मतदान करवाने में सहायता प्रदान करेंगें।

स्काउटर नाना लाल अहारी ने स्काउट गाइड से कहा कि मतदाताओं को प्रेरित करना है और 13 नवम्बर को शत प्रतिशत मतदान करवाना है। ललित कुमार बरंडा ने बताया कि अनुशासन का अर्थ बताती है स्काउटिंग। इस अवसर पर स्काउटर राहुल डामोर ने बताया कि जिला स्तरीय जल संरक्षण कार्यशाला में स्काउट गाइड ने विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ, सभी 215 स्काउट गाइड को एनजीसी के तहत किट वितरित किया गया।

इस अवसर पर सुरेश गोदा, अनिल पाटीदार, राहुल डामोर, गाइडर शीला पारगी, विद्या मईड़ा ने प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया। शिविर संचालक कान्तिलाल लबाना ने आभार व्यक्त किया।

# राज्य में विधानसभा उपचुनाव में ज्यादातर सीटें भाजपा जीतेगी : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने रामगढ़ सहित राजस्थान में सात सीटों पर हो रहे विधानसभा के उप चुनाव में ज्यादातर सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जीतने का दावा किया है। यादव ने यहां मीडिया से बातचीत करते हुये यह बात कही। उन्होंने रामगढ़ सीट का जिक्र करते हुये कहा कि भाजपा के पक्ष में सकारात्मक वातावरण बना हुआ है। जहां एक और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 11 माह के कार्यों को देखा जा रहा है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के जज्बे को भी आमजन देख रहा है।

उन्होंने बताया कि यह चुनाव कोई हिंदू-मुस्लिम पर आधारित नहीं है, विकास की राजनीति पर आधारित है। भाजपा हमेशा विकास को लेकर आम जन की आकांक्षाओं पर चुनाव लड़ी है। रामगढ़ में साफ छवि की उम्मीदवार के आधार पर चुनाव लड़ रही है। एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे के आधार पर चुनाव लड़ रही है।यादव ने कहा कि अपनी पार्टी के लिये हर नेता को प्रचार करना होता है, अपने-अपने तरीके से सब प्रचार करते हैं, लेकिन कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिये वह दुष्प्रचार जैसे काम करती है। कांग्रेस का अक्सर आरोप होता है कि भाजपा रामगढ़ के चुनाव में हिंदू मुस्लिम कर रही है, के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ के विकास को लेकर जो उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान वादे किये थे। उन वादों को पूरा किया जायेगा। यहां जनता की मांग पर 66 गांव में विकास का खाका तैयार किया गया है। उन 66 गांव में जो विकास कार्यों की मांग आई थी, उस आधार पर मेवात विकास बोर्ड, जिला परिषद एवं संसदीय कोटे से कार्य स्वीकृत किये गये हैं। बारह गांव में ई-लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है। एनसीआर के जरिये ढाई सौ करोड़ रुपये की सड़क का काम हुआ है।

यादव ने कहा कि रामगढ़ में रेलवे फाटक बंद होने पर लगातार लगता जाम को देखकर रामगढ़ कस्बे में आर ओ बी को स्वीकृत किया गया है।

बागी नेताओं को मनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम अच्छे अंतर से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भले ही वह रामगढ़ से 2000 मतों से पीछे रहे थे, लेकिन अब यहां से भाजपा के प्रत्याशी 10 गुना मतों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार गरीब, किसान, युवा और महिला के लिये जमीनी स्तर पर काम कर रही है।



# पुष्कर मेले में देशी-विदेशी खिलाड़ियों के बीच हुआ कबड्डी मैच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुष्कर। राजस्थान में अजमेर जिले के पुष्कर में इन दिनों चल रहे मेले में जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से देशी-विदेशी सैलानियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारतीय और विदेशी टीम के खिलाड़ी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। दोनों टीमों के बीच हो रहे मैच में स्थानीय टीम के खिलाड़ी बाजी मार रहे हैं और विदेशी मेहमानों को शिकस्त दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले के तीसरे दिन मेला मैदान में भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के बीच कबड्डी मैच का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने बाजी मारते हुए विदेशी खिलाड़ियों को शिकस्त दी। निर्णायक टीम के सदस्य विक्रम शर्मा ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों ने 43-29 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम में 10 खिलाड़ियों में विदेशी टीम में आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया।भारतीय खिलाड़ियों ने 43 अंक प्राप्त किए तो वहीं विदेशी खिलाड़ियों ने 29 अंक प्राप्त किए।

भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि हर बार हम मैच में भाग लेते हैं और जीत दर्ज करते हुए विदेशी टीम को हराते हैं। हमने खेल को खेल की भावना से खेला और जीत दर्ज की, हमको बहुत अच्छा लगा।

उन्होंने प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि जो खेल विलुप्त हो रहे हैं, उसको प्रशासन ने उठाने का काम किया है और ऐसे खेल होते रहने चाहिए। विदेशी खिलाड़ियों ने कहा कि उनको भी मैच खेलकर बहुत अच्छा लगा। कबड्डी मैच में दोनों ही टीमों की ओर से काफी उत्साह देखा गया। उल्लेखनीय है कि पुष्कर में इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला चल रहा है, जिसमें देश के साथ विदेश से भी बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए पर्यटक पुष्कर पहुंच रहे हैं। कल कार्तिक एकादशी के साथ पुष्कर में धार्मिक मेले की शुरुआत हो जाएगी, जो पूर्णिमा तक जारी रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुष्कर सरोवर में स्नान करने के लिए पुष्कर पहुंचेंगे और जगत पिता ब्रह्मा के दर्शन भी करेंगे। मेले को देखते हुए अजमेर जिला प्रशासन ने पूरी व्यवस्थाएं कर ली है, जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

# मैं जब तक जीवित रहूंगा तब तक हिंदुओं का बाल भी बांका नहीं होने दूंगा: रामभद्राचार्य

जयपुर/दक्षिण भारत। बालाजी गौशाला संस्थान सालासर एवं विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राम कथा के चौथे दिन रविवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने अक्षय नवमी की पूजन कर राम कथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाराज ने बताया कि भगवान राम का प्राकट्य हो गया है। इनमें जो भी लोग रम जाते हैं उन्हें राम कहते हैं। रा मतलब राष्ट्ल, म मतलब मंगल, संपूर्ण राष्ट का जिनसे मंगल होता है उसे राम कहते हैं।

गौमुख से गंगा माता तक हमारा भारत एक है। भगवान का नाम करण राम करण नव अवसर जानी.., जैसा भजन गाया तो श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से जोरदार स्वागत किया। मैं जब तक जीवित रहूंगा तब तक हिंदुओं का बाल बांका नहीं होगा। आप अपने बच्चों का नाम जन्म के आधार पर रखें। जन्मदिन पर केक काटने से उम्र कम होती है केक



कभी नहीं काटें। केक काटने की बजाय सुंदरकांड का पाठ करवाओ आपका बालक चिरंजीवी होगा। बालक-बालिकाओं दोनों का जन्मदिन मनाओं। जहां बेटी की अपेक्षा और बेटे का सम्मान होता है वह घर नष्ट हो जाता है। शत पुत्र समान कन्या, एक बेटी 100 पुत्रों के समान होती है। आज राम जी को जन्मदिन की बधाई, बधाई हो बधाई.. जैसे भजन गाकर जन्म के प्रसंग सुनाए तो श्रद्धालुओं ने खड़े होकर बधाई दी। महाराज जी ने नाचे हनुमान नचावे रघुरईया... भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। जो आनंद सिंधु सुख रासी..., पायोजी मैंने राम रतन धन पायो... भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। इस मौके पर भजनों पर श्रद्धालुओं ने तालिया की गड़गड़ाहट के साथ भक्ति भाव नृत्य किया।

इस अवसर पर कुमार विश्वास ने कथा में भगवान कृष्ण का प्रसंग सुनाते हुए सूरदास से कहा मांगो क्या मांगना चाहते हो, सूरदास ने कहा मैंने आपको देख लिया, अब कुछ नहीं देखना चाहता। आपकी अंतर शक्तियों से भगवान के दर्शन करता हूं। ऐसे ही मेरे गुरु रामभद्राचार्य के उपर भी लागू हैं। वो भी मन की आंखों से भगवान के दर्शन करते रहते हैं।

# उत्तर प्रदेश : लोक सेवा आयोग के गेट पर छात्रों का आंदोलन, भारी पुलिस बल तैनात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रयागराज/लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्री, समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ एआरओ) की परीक्षा अलग-अलग तिथियों पर कराने के निर्णय के विरोध में छात्र सोमवार को यहां आयोग के गेट पर धरना प्रदर्शन करने पहुंचे, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उन्हें खदेड़ दिया।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को युवा विरोधी करार देते हुए विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया और इसकी निंदा की। उन्होंने दावा करते हुए कहा, लोक सेवा आयोग में धांधली को रोकने के लिए अभ्यर्थियों ने मांग बुलंद की तो भ्रष्ट भाजपा सरकार हिंसक हो उठी। हम फिर दोहराते हैं कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं।

वहीं, राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यादव के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और आंदोलकारी छात्रों को भरोसा दिया कि न्याय की लड़ाई में सरकार और वह उनके साथ हैं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के आसपास भारी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने छात्रों को गेट नंबर दो की तरफ आने से रोका, लेकिन छात्र-छात्राओं की भीड़ धक्का मुक्की करते हुए गेट के पास पहुंची और नारेबाजी शुरू की। पुलिस ने छात्रों को तितर बितर करने के लिए उन्हें खदेड़ा, लेकिन आंदोलनरत छात्र फिर से वहां एकत्रित हो गए। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने कहा, छात्रों से निर्धारित धरना स्थल गिरजाघर सिविल लाइंस पर जाकर लोकतांत्रिक ढंग से रोध प्रदर्शन करने का अनुरोध किया गया है। काफी छात्र वहां चले भी गए हैं, लेकिन कुछ छात्र अभी आयोग के सामने धरने पर हैं।

छात्र अंकित पटेल ने कहा कि छात्र पहले की तरह एक ही पाली में परीक्षा चाहते हैं, जिसके लिए यह विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

## मानहानि मामले में शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ जमानती वारंट की तामील पर रोक

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा की ओर से दायर मानहानि मामले में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दो अन्य भारतीय जनता पार्टी नेताओं के खिलाफ जमानती वारंट की तामील पर सोमवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार करने के मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 25 अक्टूबर के आदेश को चुनौती देने वाली शिवराज और अन्य भाजपा नेताओं की याचिका पर तन्खा से जवाब मांगा।

पीठ ने कहा, मानहानि मामले में अदालत के समक्ष जारी कार्यवाही में याचिकाकर्ताओं की प्रभावी भागीदारी के मद्देनजर उनके खिलाफ जमानती वारंट की तामील नहीं की जाएगी।



## कांग्रेस और 'आप' खोटे सिक्के, पंजाब की जनता आ चुकी है तंग : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) को 'खोटे सिक्के' करार देते हुए कहा कि पंजाब के लोग इन दोनों दलों के 'भ्रष्टाचार' से तंग आ चुके हैं। ठाकुर ने बरनाला विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार केवल सिंह ढिल्लों के लिए प्रचार करते हुए यह टिप्पणी की।

प्रदेश की चार विधानसभा सीट गिद्दड़बाहा, डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल और बरनाला पर उपचुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। ठाकुर ने बरनाला में कहा, ''दोनों पार्टियां लोगों से 'झूठे' वादे कर लोगों को ठगने की कोशिश करती हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि 2024 लोकसभा चुनावों में पंजाब में भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''पंजाब के लोग भ्रष्ट 'आप' और कांग्रेस से तंग आ चुके हैं। ये दोनों पार्टियां 'खोटे सिक्के' हैं। लोग विकल्प की तलाश में हैं। लोग भाजपा को एक सुनहरे विकल्प के रूप में देख रहे हैं और अगर पार्टी (सत्ता में) आती है तो पंजाब आगे बढ़ेगा।''



### झारखंड में सत्ता में आने पर

## भाजपा घुसपैठियों की पहचान के लिए समिति गठित करेगी : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सरायकेला/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि झारखंड में अगर भाजपा की सरकार बनती है तो घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें राज्य से बाहर निकालने के अलावा उनके द्वारा हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए समिति गठित की जाएगी।

शाह ने कहा कि इसके अलावा आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को जमीन का हस्तांतरण रोकने के लिए एक कानून लाया जाएगा। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृतव वाली सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। शाह ने सरायकेला में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''झारखंड में आदिवासियों की आबादी घट रही है। घुसपैठिए हमारी बेटियों से शादी करके जमीन हड़प रहे हैं। हम आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को जमीन हस्तांतरण रोकने के लिए कानून लाएंगे। हम घुसपैठियों की पहचान करने के लिए एक समिति भी बनाएंगे ताकि उन्हें बाहर निकाला जा सके और उनके द्वारा हड़पी गई जमीन को वापस लिया जा सके।'' उन्होंने दावा किया कि जब चंपई सोरेन ने घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो उनका अपमान किया गया और हेमंत सोरेन ने उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया।

## प्रधानमंत्री मोदी विधायकों को बकरियों की तरह खरीदने और सरकारें गिराने में विश्वास रखते हैं : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को उन पर आरोप लगाया कि वह विपक्ष को दबाने एवं निर्वाचित सरकारों को गिराने के लिए विधायकों को बकरियों की तरह खरीदते और खिला-पिलाकर काट देते हैं। उन्होंने मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अदाणी और अंबानी के साथ मिलकर केंद्र सरकार चलाने का भी आरोप लगाया।

खरगे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह 'मुख में राम, बगल में छुरी' में विश्वास करते हैं। खरगे ने आरोप लगाया, मोदी जी सरकारें गिराने में विश्वास रखते हैं। वह विधायक खरीदते हैं। उनका काम विधायकों को बकरी के जैसे अपने पास रख लेना, पालना और फिर बाद में काट कर खाना है...। यह मोदी हैं। खरगे ने दावा किया कि मोदी और शाह ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियों को तैनात कर दिया है, लेकिन हम डरते नहीं हैं। हमने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने आरोप लगाया कि चार लोग भारत को चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी, शाह, अदाणी और अंबानी देश चला रहे हैं, जबकि राहुल गांधी और मैं संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। खरगे ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी मानते हैं कि वह जैविक नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया, वह एक आदतन झूठे हैं जो कभी अपने वादे पूरे नहीं करते, क्या गुजरात में कोई स्वर्ण युग आया?




## झामुमो ने जारी किया घोषणापत्र, महिलाओं को नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण का वादा

**रांची/भाषा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया गया है। पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन द्वारा जारी घोषणापत्र में कृषि, शिक्षा और स्थानीय निवासियों के अधिकारों सहित नौ क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, ''हमारे घोषणापत्र में राज्य सरकार की सभी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया गया है। इसमें नौ बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।'' घोषणापत्र में 'क्रेडिट गारंटी' योजना के तहत एमएसएमई उद्यमियों को पांच करोड़ रुपए तक का ऋण देने का भी वादा किया गया है। इसमें छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारियों के ऋण माफ करने के अलावा सभी संभागों में खेल उत्कृष्टता केंद्र और राज्य में एक खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का भी वादा किया गया है।

## जम्मू के 10 में से आठ जिले 2024 में आतंकी हमलों से दहले, 13 आतंकवादियों समेत 44 लोगों की मौत

**जम्मू/भाषा।** पिछले तीन वर्षों में सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ में घातक हमलों के बाद इस साल आतंकवादी गतिविधियां जम्मू क्षेत्र के छह अन्य जिलों में फैल गईं, जिनके कारण 18 सुरक्षाकर्मियों और 13 आतंकवादियों समेत 44 लोगों की मौत हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजौरी और पुंछ के पीर पंजाल जिलों में हालांकि पिछले वर्षों की तुलना में 2024 में आतंकवादी गतिविधियों में काफी गिरावट देखी गई, लेकिन अप्रैल-मई से रियासी, डोडा, किश्तवाड़, कठुआ, उधमपुर और जम्मू में हुईं सिलसिलेवार घटनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता पैदा कर दी है।

अधिकारियों ने बताया कि खतरे का मुकाबला करने और शांतिपूर्ण क्षेत्रों में आतंक फैलाने के पाकिस्तान में रहने वाले व्यक्तियों के प्रयासों को विफल करने को लेकर सेना ने पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषकर घने जंगलों में लगातार अभियान चलाए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष डोडा, कठुआ और रियासी जिलों में नौ-नौ लोगों की हत्या हुई, इसके अलावा किश्तवाड़ में पांच, उधमपुर में चार, जम्मू और राजौरी में तीन-तीन जबकि पुंछ में दो लोगों की जान गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में 18 सुरक्षाकर्मी और 13 आतंकवादी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा मारे गए 14 नागरिकों में से सात शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्री थे, जबकि तीन ग्राम रक्षा प्रहरी (वीजीडी) थे। तीर्थयात्रियों की मौत बस पर हुए हमले में हुई थी, जिसमें स्थानीय चालक और कंडक्टर की भी मौत हो गई, वहीं वीडीजी को उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में गोली मार दी गई।

## धार्मिक आधार पर वोट मांगना संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ : पीयूष गोयल



**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि धार्मिक आधार पर वोट मांगना संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने लोगों से 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत महायुति को चुनने की अपील की और कहा कि महायुति विकास व प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

महायुति की समावेशी नीतियों को बढ़ावा देने और विभाजनकारी रणनीति से बचने पर जोर देते हुए, मुंबई उत्तर के सांसद ने मतदाताओं से धार्मिक सीमाओं से ऊपर उठकर विकास और प्रगति को चुनने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस पर पार्टी शासित राज्यों में चुनाव पूर्व किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया और शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे पर भय और गलत सूचना फैलाने वाली पार्टियों से हाथ मिलाने का आरोप लगाया।

गोयल ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, धर्म के आधार पर लोगों से किसी खास पार्टी को वोट देने और भाजपा को वोट न देने की अपील करना गलत है। यह रवैया हमारे संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आधार पर मतदान करना संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है।

## ओडिशा सरकार ने महिला आयोग की प्रमुख को हटाया

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने मिनाती बेहरा को ओडिशा राज्य महिला आयोग (ओएससीडब्ल्यू) की अध्यक्ष पद से हटा दिया है। बीजू जनता दल (बीजद) की महिला शाखा की पूर्व अध्यक्ष बेहरा को प्रदेश की पिछली सरकार ने सितंबर 2022 में राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था।महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेहरा को पद से हटाने की अधिसूचना जारी की मामला सोमवार को सामने आया। अधिसूचना के अनुसार, विभाग ने पहले बेहरा को उनके कार्यकाल के दौरान 'असंतोषजनक' प्रदर्शन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। विभाग ने कहा, ओएससीडब्ल्यू अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत कारण बताओ जवाब की गहन और सावधानीपूर्वक जांच के बाद पाया कि जवाब अपर्याप्त है और आयोग के असंतोषजनक प्रदर्शन को उचित नहीं ठहराता है।

## भाजपा ने कई राज्यों की सरकारों को अपदस्थ किया, अब बदला लेने का समय : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा ने कई राज्यों की निर्वाचित सरकारों को अपदस्थ किया है और अब 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा के लिए होने वाले मतदान महा विकास आघाडी (एमवीए)को विजयी बनाकर 'बदला' लेने का समय आ गया है। गहलोत ने मुंबई में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सवाल किया कि निर्वाचन आयोग ने 'बटेंगे तो कटेंगे और 'एक हैं तो सेफ है' जैसे नारों के मामले में भाजपा के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''भाजपा ने (इससे पहले) मध्यप्रदेश (ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के बाद कमलनाथ की सरकार), कर्नाटक, गोवा (जहां कांग्रेस के विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए) में विधायकों की खरीद-फरोख्त के जरिए सरकारें गिराई हैं। यह देश के इतिहास का एक काला अध्याय था। महाराष्ट्र में भी भाजपा ने एमवीए सरकार (उद्धव ठाकरे की) गिराई।'' उन्होंने कहा, ''अब बदला लेने का समय है, एमवीए को जिताकर भाजपा को सबक सिखाने का समय है। महाराष्ट्र अग्रणी राज्य है और मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है। यह विस चुनाव भारत की दिशा और दशा तय करेगा। इस चुनाव का संदेश देश में गूंजेगा।'' गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की 5 गारंटी व एमवीए का 'महाराष्ट्रनामा' लोगों के हितों में है जिसमें महिलाओं के लिए 3,000 रुपए प्रति माह की वित्तीय सहायता, मुफ्त बस यात्रा, 25 लाख रु. तक का स्वास्थ्य बीमा और किसानों की तीन लाख रुपए तक की ऋण माफी जैसी योजनाएं शामिल हैं।

## बिहार उपचुनाव स्थगित करने के अनुरोध वाली जन सुराज पार्टी की याचिका खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राजनीतिक रणनीतिकार से राजनीतिक नेता बने प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की ओर से 13 नवंबर को होने वाले बिहार उपचुनाव को स्थगित करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने कहा कि निर्धारित उपचुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए बहुत देर हो चुकी है। इसे नीतिगत मुद्दा बताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और कहा कि बिहार उपचुनाव के लिए सभी इंतजाम कर लिए गए हैं। पीठ ने टिप्पणी की, अन्य राजनीतिक दलों को कोई समस्या नहीं है। केवल आपको ही समस्या है। आप एक नई राजनीतिक पार्टी हैं, आपको इन उलझनों को समझने की जरूरत है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बिहार में छठ पूजा जितना महत्वपूर्ण कोई अन्य त्योहार नहीं है। पार्टी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में चुनाव की तारीखें निर्वाचन आयोग द्वारा धार्मिक आयोजनों के आधार पर आगे बढ़ा दी गईं, जबकि बिहार चुनाव में छठ पूजा त्योहार के बावजूद ऐसा नहीं किया गया।

## भाजपा और उसके सहयोगी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं : सुप्रिया सुले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दलों के भ्रष्टाचार में डूबे होने का सोमवार को दावा किया और उन पर महाराष्ट्र की महान हस्तियों का अपमान करने तथा ''विकृत'' इतिहास का प्रचार करने का आरोप लगाया।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यहां संवाददाताओं से बातचीत में सुले ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों के पास आज विपक्ष के बारे में बात करने के लिए कुछ नहीं है। बारामती से लोकसभा सदस्य सुले ने कहा, पिछले चुनाव में, इन्होंने भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उठाए थे। आज ये कुछ नहीं कर रहे हैं क्योंकि ये खुद पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और भाजपा और उसके सहयोगियों के पास हमारे खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है।

'महायुति' के इस दावे पर कि विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) ने राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन की लाडकी बहिन जैसी योजनाओं की नकल की है और उन्हें अपने घोषणापत्र में शामिल किया है, सुले ने कहा कि वह कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) थी जिसने सत्ता में रहने के दौरान किसानों को सबसे बड़ी ऋण माफी प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस और राकांपा थी जिसने कृषि उपज के लिए एक मूल्य गारंटी दी थी। एमवीए के विरोधियों की ओर से अर्बन नक्सल और कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा अपने प्रचार अभियान में संविधान की लाल किताब प्रदर्शित किए जाने का मुद्दा उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर, सुले ने दावा किया कि भाजपा की मानसिकता महिला विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके 'बड़बोले नेता' छत्रपति शिवाजी महाराज, शाहू महाराज, महात्मा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जैसी महान हस्तियों का अपमान करते रहते हैं। सुले ने आरोप लगाया, ''भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगी इन सभी महान हस्तियों का अपमान करते रहे हैं और विकृत इतिहास का प्रचार कर रहे हैं।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा के कुछ सांसद कोल्हापुर में महिलाओं को धमका रहे हैं और कहा कि विपक्ष अदालत जाएगा और निर्वाचन आयोग से भी शिकायत करेगा। राज्य के चुनाव प्रचार में भाजपा द्वारा (जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले) अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान रद्द किये जाने के केंद्र के कदम का उल्लेख करके के बारे में पूछे जाने पर सुले ने कहा कि उनके पास कोई एजेंडा नहीं है और दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है।



## नीतीश कुमार ने महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नालंदा (बिहार)/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में नव निर्मित हॉकी स्टेडियम में महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी-2024 का उद्घाटन किया।

हॉकी इंडिया और बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह टूर्नामेंट 20 नवंबर तक चलेगा। भारत के अलावा चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान की टीम टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में कुल 20 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन से पहले सोमवार को जापान और कोरिया तथा चीन और थाईलैंड के बीच दो मुकाबले खेले गए। उद्घाटन के बाद भारत ने अभियान की शुरुआत मलेशिया के खिलाफ की। भारत अपना दूसरा मैच 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगा और फिर 14 नवंबर को थाईलैंड से भिड़ेगा। मेजबान टीम का सामना 16 नवंबर को चीन से होगा जबकि टीम पूल चरण का अंतिम मैच जापान के खिलाफ 17 नवंबर को खेलेगी।

## सुविचार

**जब विश्वास जुड़ता है तो पराये भी अपने हो जाते है और जब विश्वास टूटता है तब अपने भी पराये हो जाते है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# गुड़ खाकर गुलगुलों से परहेज

'गुड़ खाकर गुलगुलों से परहेज़' कैसे किया जाता है, यह पश्चिमी देशों के तेल आयात संबंधी बिल को देखकर समझा जा सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद उन्होंने मॉस्को पर प्रतिबंधों के तहत उससे ईंधन लेने से तो परहेज़ किया, लेकिन अपनी अर्थव्यवस्था का पहिया चलाने के लिए दूसरा 'रास्ता' ढूंढ़ा। ऊर्जा और स्वच्छ वायु पर शोध केंद्र (सीआरईए) की रिपोर्ट में यह कहा जाना कि 'भारत अब यूरोपीय संघ को तेल उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है' और 'वर्ष 2024 की पहली तीन तिमाहियों में भारत से यूरोपीय संघ को डीजल जैसे ईंधन का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़ गया', पश्चिम के कई थिंकटैंकों को भारत की आलोचना करने का मौका दे सकता है। वे पहले भी रूस को कथित सहयोग देने के लिए भारत की आलोचना करते रहे हैं। इस रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद तो पश्चिम को भारत का विशेष आभार मानना चाहिए। अगर यह ईंधन उन तक नहीं पहुंचता तो यूरोप के चूल्हे ठंडे पड़ जाते, उत्पादन में गिरावट आती और दरवाजे पर मंदी दस्तक देती। भारत ने उनकी अर्थव्यवस्थाओं को बचाया है। उक्त रिपोर्ट के कई शब्दों से 'भारतविरोध' के संकेत अभी से मिलने लगे हैं, जैसे- 'शोधन नियमों में खामियों का लाभ उठाते हुए, भारत अब यूरोपीय संघ को तेल उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है।' जब पश्चिमी देश बाकी दुनिया की परवाह न करते हुए कोई कदम उठाते हैं तो उसे 'वक्त की जरूरत' समझा जाता है। वहीं, अगर भारत अपनी जरूरतों के साथ अन्य देशों की जरूरतें पूरी करने के लिए कदम उठाता है तो वहां 'नियमों में खामियां' दिखाई देने लगती हैं!

खामियां तो पश्चिमी देशों की उन नीतियों और बयानों में भी बहुत थीं, जिनके भरोसे यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मुसीबत मोल ली। इस युद्ध के दौरान भारत ही ऐसा देश है, जिसके द्वारा शांति स्थापना के लिए किए गए प्रयासों का यूक्रेन और रूस द्वारा खुले दिल से स्वागत किया गया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसके लिए कई बार भारतीय प्रधानमंत्री की तारीफ कर चुके हैं। उन्हीं के शब्दों में – 'हम भारतीय नेतृत्व, खासकर प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) के विचारों का बहुत सम्मान करते हैं। वे यूक्रेन से जुड़े विवादों समेत संघर्षों के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं और समाधान के लिए अपने विचार पेश करते हैं।' यही नहीं, रूसी राष्ट्रपति भारत को 'दशकों से स्वाभाविक साझेदार और मित्र' बताते हैं। हाल में पुतिन की ओर से जितने भी बयान आए हैं, उनका विश्लेषण करें तो इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि रूस भी यूक्रेन के साथ युद्ध को और लंबा नहीं खींचना चाहता। पश्चिम के साथ उसका टकराव जगजाहिर है। ऐसे में किसी शांति समझौते की 'सम्मानजनक' शर्तें दोनों देशों से मनवाना 'टेढ़ी खीर' हो सकती है। अगर समझौते की कोई संभावना निकट भविष्य में पैदा नहीं होती है तो पश्चिमी देश कब तक रूसी ईंधन (खुद आयात करने) से परहेज करेंगे? चूंकि सीआरईए की रिपोर्ट तो यह कहती है कि 'वर्ष 2024 की पहली तीन तिमाहियों में जामनगर, वडिनार और मंगलूरु रिफाइनरी से यूरोपीय संघ को निर्यात सालाना आधार पर 58 प्रतिशत बढ़ गया ... देश का रूस से आयात यूक्रेन युद्ध से पहले कुल आयातित तेल के एक प्रतिशत से भी कम था और युद्ध के बाद खरीद बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई है।' अगर इस आंकड़े को सच मान लें तो साफ है कि भारत ने पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मुश्किल वक्त में धराशायी नहीं होने दिया। उनके नेता यूक्रेन को युद्ध की आग में झोंक कर दफ्तरों से बड़े-बड़े बयान जारी करते रहे और अपनी ईंधन संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए ठोस विकल्प भी नहीं सोचा। अब रूस-यूक्रेन युद्ध विराम के लिए गंभीरता से प्रयास करने होंगे। इस युद्ध से जन-धन की हानि के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ।

## ट्वीटर टॉक



झारखण्ड के डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र में आज आयोजित जनसभा को संबोधित किया। यहां की माताओं-बहनों और नौजवानों ने कांग्रेस, झामुमो और राजद के षड्यंत्र को विफल करने का मन बना लिया है।

**-योगी आदित्यनाथ**



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक आचार्य जे.बी कृपलानी जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। राष्ट्र निर्माण और समाज के उत्थान के लिए आपके द्वारा किये गये कार्य अनुकरणीय है जो सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्पद रहेंगे।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**



आप सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि दिनांक 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आपका मत राजस्थान को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# मोक्ष की विद्या

गांव बालुका, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बौद्ध दार्शनिक नागार्जुन का दर्शन शून्यवाद कहलाता है। उन्होंने वस्तु शून्यता के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था, जिसका अर्थ है कि अविद्या के नष्ट हो जाने पर सभी वस्तुएं शून्य में विलीन हो जाती हैं और कुछ विशेष न रहना ही निर्वाण है। उनकी आयुर्वेद समेत साहित्य और संस्कृति में गहन रुचि थी। उन्होंने कई ग्रंथ प्रणीत किए। जिनमें 'रस हृदय', 'रस रत्नाकर' और 'रसेंद्र मंगल' प्रसिद्ध हैं। नागार्जुन के गुरु श्रीमद गोविंद पादाचार्य जब अजर-अमर होने की विद्या नागार्जुन को सिखाने लगे, तब उन्होंने कहा था कि, 'पुत्र, मुक्ति की प्राप्ति एक ही जन्म की तपस्या से नहीं हो सकती, फिर वह जन्म भी कैसा, जो रोग-शोक से परिपूर्ण हो। इसलिए मुक्ति तत्व जानने से पहले तू अजर-अमर होने की विद्या मुझसे सीख क्योंकि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का मूल तंदुरुस्ती है।'

## सामयिक

# सार्क की चुनौतियों से कैसे निपटेगा भारत?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

मोबाइल : 9466526148

सार्क के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। हालांकि, भारत के प्रयासों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रभावशीलता सीमित रही है। भारत सार्क के भीतर आर्थिक सहयोग, संपर्क और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। भारत दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना था। भारत ने आतंकवाद और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए सार्क के प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिसमें कई सुरक्षा सहयोग पहलों का प्रस्ताव दिया गया है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है।

साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5 प्रतिशत से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दर्शाता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है।

पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने अक्सर सार्क की पहल को पटरी से उतार दिया है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। 2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। राजनीतिक इच्छाशक्ति और क्षमता की कमी के कारण सार्क समझौतों को अक्सर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण देरी का सामना करना पड़ता है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सार्क खाद्य बैंक का कम उपयोग होने के कारण व्यावहारिक प्रभाव बहुत कम रहा है।

कई सार्क देश आर्थिक और रणनीतिक सहायता के लिए चीन जैसी बाहरी शक्तियों पर निर्भर हैं, जिससे सार्क का आंतरिक सहयोग कमजोर हुआ है। नेपाल और श्रीलंका की चीनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर बढ़ती निर्भरता ने सार्क की क्षेत्रीय एकता को कमजोर किया है। सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सुपरनैशनल निकाय का अभाव है, जिससे यह क्षेत्रीय नीतियों को लागू करने में अप्रभावी हो गया है। यूरोपीय संघ के विपरीत, सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या विवादों को हल करने के लिए अधिकार रखने वाले संस्थान नहीं हैं।

भारत अलग-अलग सार्क सदस्यों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है जिससे अधिक बहुपक्षीय सफलता मिल सकती है। कनेक्टिविटी और व्यापार पर बांग्लादेश के साथ भारत के हालिया प्रयासों ने सार्क की सीमित प्रगति के बावजूद द्विपक्षीय सहयोग में सुधार किया है। भारत सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में सुधार के प्रयासों का नेतृत्व कर सकता है, आम सहमति के बजाय बहुमत आधारित निर्णयों की वकालत कर सकता है, जो अक्सर प्रगति को रोकता है। भारत बिम्सटेक तंत्र के समान सुधारों का प्रस्ताव कर सकता है, जिसने क्षेत्रीय समझौतों में अधिक लचीलापन दिया है। भारत सार्क ढांचे के भीतर व्यापार सुविधा, संपर्क परियोजनाओं और निवेश को बढ़ाकर गहन आर्थिक एकीकरण के लिए प्रयास कर सकता है।

बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ परिवहन संपर्क पर भारत की बीबीआईएन पहल पाकिस्तान की अनिच्छा को दरकिनार करती है और उप-क्षेत्रीय सहयोग की क्षमता को प्रदर्शित करती है। भारत सार्क देशों के बीच सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक कूटनीति, शैक्षिक आदान-प्रदान और पर्यटन का लाभ उठा सकता है। सदस्य देशों के छात्रों के लिए भारत की सार्क छात्रवृत्ति ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। भारत को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश जारी रखना चाहिए जो पूरे क्षेत्र में संपर्क को बढ़ाते हैं, व्यापार और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को सुविधाजनक बनाते हैं। भारत-नेपाल रेल लिंक परियोजना क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, भले ही सार्क-स्तरीय पहल ठप हो गई हो।

संगठन की चुनौतियों के बावजूद सार्क में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका सुधार के अवसर प्रस्तुत करती है। द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देकर, क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देकर और संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाकर, भारत सार्क को पुनर्जीवित कर सकता है और दक्षिण एशिया की स्थिरता और विकास की संभावनाओं को बढ़ा सकता है।

## मुद्दा

# महाराष्ट्र और झारखण्ड में भाजपा गठबंधन जीत सकता है

**बाल मुकुंद ओझा**

मोबाइल : 8949519406

चुनाव के दौरान निर्वाचकों और मतदाताओं से बातचीत कर विभिन्न राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों की जीत हार के पूर्वानुमानों के आकलन की प्रक्रिया चुनावी सर्वे कहलाती है। चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद मतदाताओं पर किया गया सर्वे ओपिनियन पोल कहलाता है। मुख्य तौर पर ओपिनियन पोल सर्वे चलन में है। इसमें क्वेश्चनॉयर तैयार कर सर्वे टीम घर-घर जाती है। बाद में वोटर्स के जवाब के आधार पर परिणाम निकाला जाता है। इस समय महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को और झारखंड में 13 और 20 नवंबर को मतदान होंगे। दोनों राज्यों में 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। विभिन्न सर्वेक्षणों में दोनों राज्यों में एनडीए की जीत की धमाकेदार भविष्यवाणी की जा रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना के वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और झारखण्ड में भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के भावी मुख्यमंत्री बनने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि हरियाणा के हाल ही हुए चुनावों में सर्वे फेल हो चुके है। इसी बीच आईएएनएस-मार्टजाइज के ताजा सर्वे में भी चौंकाने वाले नतीजे सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र की सभी 288 सीटों पर हुए सर्वे में महायुति को 145-165 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। जबकि महाविकास अघाड़ी को 106-126 सीटें मिलने का अनुमान है। प्रदेश में बीजेपी, शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजित पवार महायुति का हिस्सा है, जबकि कांग्रेस, शिवसेना उद्धव गुट और एनसीपी शरद पवार एमवीए का हिस्सा है। ऐसे में दोनों गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर है। भाजपा महाराष्ट्र में 148 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि 16 सीटें ऐसी है, जहां पर उम्मीदवार बीजेपी का है, लेकिन चुनाव चिन्ह शिंदे की पार्टी का है। एनसीपी अजित पवार 53 सीटों पर और शिवसेना शिंदे 80 सीटों पर चुनाव मैदान में हैं। वोट शेयर की बात करें तो सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन विपक्षी महा विकास अघाड़ी पर भारी पड़ने की संभावना है। भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 47 प्रतिशत वोट शेयर मिलने की संभावना है, जबकि शरद पवार, उद्धव के साथ कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को 41 प्रतिशत वोट शेयर मिलने की उम्मीद है। सर्वे में अन्य को 12 प्रतिशत तक वोट शेयर मिलने के कयास लगाए गए हैं। मैटराइज सर्वे के अनुसार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फेस के लिए एकनाथ शिंदे सबसे पसंदीदा चेहरे बने हुए हैं।



झारखण्ड में पांच साल बाद भाजपा की वापसी हो रही है। इस राज्य में भी सत्ता परिवर्तन की संभावना जताई जा रही है। सर्वे के अनुसार झारखंड की 81 सीटों में से बीजेपी और आजसू को 45-50 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को 18-25 सीटें मिलने का अनुमान है। प्रदेश में इंडिया और एनडीए गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। एनडीए में बीजेपी और आजसू के अलावा जेडीयू और लोजपा को भी इस बार बीजेपी ने सीटें दी हैं। पार्टी प्रदेश में 68 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। जबकि आजसू 10 सीटों पर, जेडीयू 2 और लोजपा 1 सीट पर चुनाव मैदान में हैं।

हमारे देश में दो चीजों का विकास करीब-करीब एक साथ ही हुआ है। पहला इन चुनावी सर्वेक्षणों और दूसरा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या कहें समाचार चैनलों का। खबरिया चैनलों की भारी भीड़ ने चुनावी सर्वेक्षणों को पिछले दो दशक से हर चुनाव के समय का अपरिहार्य बना दिया है। आज बिना इन सर्वेक्षणों के भारत में चुनावों की कल्पना भी नहीं की जाती। बल्कि कुछ खबरिया चैनल तो साल में कई बार ऐसे सर्वेक्षण करवाते हैं और इसके जरिये सरकारों की लोकप्रियता और समाज को प्रभावित करने वाले मुद्दों की पड़ताल करते रहते हैं। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि आखिर भारत में इन सर्वेक्षणों का अर्थशास्त्र क्या है? आखिर इन सर्वेक्षणों को करवाने से किसका भला होता है। टीवी चैनल टीआरपी के चक्कर में अपनी लोकप्रियता दांव पर लगा देते है। यदि सर्वे सही जाता है तो बल्ले बल्ले अन्यथा साख पर विपरीत असर देखने को मिलता है। चुनाव के पहले और मतदान के बाद कई एजेंसियां सर्वेक्षण कराती हैं और संभावित जीत-हार के अनुमान पेश करती हैं। कई बार इन सर्वेक्षणों के नतीजे चुनावी नतीजों के करीब बैठते हैं तो कई बार औंधे मुंह गिर जाते हैं। मतदाताओं का मूड भांपने का दावा करने वाले ऐसे सर्वेक्षणों में कई बार लोगों और राजनीतिक दलों की दिलचस्पी दिखाई देती है। कोई दावा नहीं कर सकता कि हमारे देश में चुनाव पूर्व सर्वेक्षण तरह विश्वसनीय होते हैं।

## नजरिया

# दवा कारोबार की अनैतिकता से बढ़ता जीवन संकट

**ललित गर्ग**

मोबाइल : 9811051133

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में 53 दवाओं को फेल कर दिया गया है। उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। इन दवाओं में बीपी, डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की कुछ दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को गुणवत्ता में फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल, पेन किलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। निश्चित ही यह खबर परेशानी एवं चिन्ता में डालने वाली है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं।

रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का



लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। अमानक पाई गई दवाइयों के ये मामले तो तब आए हैं जब पहले से ही दवाओं की गुणवत्ता तय करने के लिए कई सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें कच्चे माल की जांच और निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण तक शामिल होता है। इसके बावजूद नामी दवा निर्माता कंपनियों के उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतरें तो यह माना जाना चाहिए कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ये कंपनियां नैतिकता एवं मानवीयता को ताक पर रखने लगी है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब दवाइयां गुणवत्ता के पैमानों पर खरी नहीं उतरी हैं।

दवा परीक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य ही है क्योंकि दवा कारोबार में हेराफेरी का खेल लोगों की जान का दुश्मन बन सकता है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से कतराती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये पीड़ित मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि गुणवत्ता एवं मानक में फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इसी साल अगस्त में केंद्र सरकार ने 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन यानी एफडीसी दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, ये दवाइयां आमतौर पर सर्दी व बुखार, दर्द निवारक, मल्टी विटामिन और एंटीबायोटिक्स के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी। मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन, वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिल अवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। असल में इस तरह की दानवी सोच वाले लोग सिर्फ अपना स्वार्थ देखते हैं। ऐसे लोग धन-संपत्ति आदि के जरिए सिर्फ अपना ही उत्थान करना चाहते हैं, भले ही इस कारण दूसरे लोगों और पूरे समाज ही मौत के मुंह में जा रहे हो, यह मानवीय संवेदनाओं के छीजने की चरम पराकाष्ठा है।

दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निर्माता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चौपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले। सरकार का व्यवस्था पर नियंत्रण कमजोर होता दिख रहा है। आम आदमी जाए तो कहां जाये? विश्व को श्रेष्ठ, नैतिक एवं मानवीय बनने का उपदेश देने वाला देश आज कहां खड़ा है? आज इन मूल्यों एवं संवेदनाओं की दृष्टि से देश कितना खोखला एवं जर्जर हो गया है। आज भौतिक एवं स्वार्थी मूल्य अपनी जड़ें इतनी गहरी जमा चुके हैं कि उन्हें निर्मूल करना आसान नहीं है। मनुष्य का संपूर्ण कर्म प्रदूषित हो गया है। सारे छोटे-बड़े धंधों में अनीति प्रवेश कर गई है। अमानक दवाओं का बढ़ता बाजार एक कलंक बनकर उभरा है। निस्संदेह यह संकट जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है। ऐसे में सरकारों को दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखकर रणनीति बनानी होगी।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत




# ज़ीस इंडिया ने बेंगलूरु में अपना ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू किया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। ऑप्टिक्स और ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स में विश्व स्तर पर मशहूर कंपनी ज़ीस के ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का सोमवार को बेंगलूरु में कर्नाटक के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और बीटी मंत्री प्रियांक खरगे ने उद्घाटन किया। कंपनी ने बताया कि यह भारत में डिजिटल परिवर्तन, अनुसंधान और नवाचार प्रयासों को और ज्यादा मजबूत करने के लिए महत्त्वपूर्ण विस्तार है। ज़ीस इंडिया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टेक्नोलॉजी समाधानों को आगे बढ़ाने और कंपनी की वैश्विक अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं का विस्तार करने के लिए प्रतिभाओं को मंच देगा। यह परिसर 43,000 वर्ग फीट में फैला हुआ है। इसमें 600 से ज्यादा कर्मचारियों के काम करने की सुविधा होगी। कंपनी का लक्ष्य साल 2028 तक मौजूदा कार्यबल को दोगुना करना है।

इस अवसर पर मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा, 'भारत में ज़ीस की यात्रा एक प्रमुख वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में हमारे देश की ताकत का प्रमाण है। भारत में अब 4,000 से ज्यादा जीसीसी हैं, जिनमें से अकेले कर्नाटक में 38 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। राज्य में एग्रीटेक, एयरोस्पेस और टेक्नोलॉजी सहित विविध क्षेत्रों में विकास को गति देने की क्षमता है। मैं सार्वजनिक-निजी भागीदारी के सकारात्मक नतीजों को देखकर उत्साहित हूं।' ज़ीस इंडिया के मुख्य वित्तीय अधिकारी धवल राडिया ने कहा, 'यह केंद्र हमारे बढ़ते वैश्विक परिचालन के डिजिटल परिवर्तन को गति देगा। साथ ही, भारत में ज़ीस के विकास के लिए एक ठोस आधार तैयार करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।'

# मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का दावा, भारत पर निर्भर थे ट्रंप एवं हैरिस

ग्वालियर/भाषा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को दावा किया कि अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनावों के दौरान निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं कमला हैरिस भारत पर निर्भर थे।

ग्वालियर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए यादव ने कहा कि दुनिया की सभी महाशक्तियां भारत के साथ जुड़ना चाहती हैं। यादव ने कहा, ''हमारे प्रधानमंत्री शुभंकर हैं और भारत ने दुनिया को अपने लोकतंत्र की ताकत भी दिखाई है। आज कोई भी बड़ी महाशक्ति भारत के साथ जुड़ने में अपना फायदा देखती है। हमने ये अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में देखा है कि चाहे ट्रंप हों या हैरिस हों, दोनों भारत पर निर्भर थे। हमें खुशी है कि राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित ट्रंप निजी तौर पर मोदी जी के मित्र रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति भी भारत की ओर ही देख रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत में मोदी की लोकप्रियता की गहराई को कोई भी माप नहीं सकता, इसी के परिणामस्वरूप उन्होंने देश में 60 वर्षों के अंतराल के बाद लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के साथ ही मध्य प्रदेश में बुधनी तथा विजयपुर विधानसभा सीटों पर उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के प्रति आशा जतायी।

उन्होंने कहा कि बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट में लोग विकास के साथ हैं। उन्होंने कहा कि विजयपुर से भाजपा के प्रत्याशी रामनिवास रावत कांग्रेस से छह बार विधायक और मंत्री भी रह चुके हैं। यादव ने कहा कि रावत ने मंत्री होने के बावजूद क्षेत्र का विकास करने में विफल रहने के कारण कांग्रेस छोड़ दी और विकास के लिए भाजपा में शामिल हो गए।

राज्य के वन मंत्री रावत के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद विधानसभा सीट रिक्त हो जाने से यहां उपचुनाव होने हैं। इससे पहले रविवार शाम को यादव ने विजयपुर विधानसभा सीट पर रावत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया था।



# त्योहारी सीजन का जश्न 'लाइट फेस्टिवल' के साथ मना रहा फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया इस त्योहारी सीजन का जश्न फीनिक्स इंडिया लाइट फेस्टिवल के साथ मना रहा है। यह अपने अनूठे शॉपिंग अनुभव, पाककला और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है। सरियल डिजाइन स्टूडियो द्वारा डिजाइन किया गया यह देश का पहला इमर्सिव लाइटिंग अनुभव है। इसने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मॉल के आश्चर्यजनक प्लाजा क्षेत्र में वाइब्रेंट और इंटरैक्टिव लाइट का शानदार प्रदर्शन दिसंबर तक इसे एक जादुई वंडरलैंड में बदल देगा।

फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया की सेंटर डायरेक्टर और दक्षिण के लिए मार्केटिंग की सीनियर वीपी ऋतु मेहता ने कहा, 'हम इस त्योहारी सीज़न में भारत में पहली बार इमर्सिव लाइट फेस्टिवल लाते हुए रोमांचित हैं। फीनिक्स इंडिया लाइट फेस्टिवल महज एक आयोजन नहीं है, यह प्रेरणा, रचनात्मकता और जुड़ाव का जश्न है।'

उन्होंने कहा, 'यह जश्न नवाचार को लेकर हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो सुनिश्चित करता है कि लोग वैश्विक उत्कृष्टता का अनुभव करते रहें। इस इमर्सिव लाइट फेस्टिवल को पेश करते हुए हम जश्न के माहौल के साथ एक अनूठा और शानदार अनुभव प्रदान करते हैं। आने वाले वर्षों में, हम इस जश्न को भारत के विभिन्न कोनों में ले जाने की उम्मीद करते हैं।' मॉल्स (दक्षिण) के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा, 'फीनिक्स इंडिया लाइट फेस्टिवल हमारे लिए प्रकाश की शक्ति को पेश करने का अनूठा अवसर है। हमारा लक्ष्य एक ऐसा वातावरण बनाना है, जो जुड़ाव और आनंद को बढ़ावा दे। यह जश्न फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया में नवीन और समृद्ध अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'

# पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में स्टेशन पर धमाके के बाद रेल सेवाएं स्थगित कीं

क्वेटा (पाकिस्तान)/एपी

पाकिस्तान रेलवे ने सप्ताहांत में एक स्टेशन पर आत्मघाती धमाकों में 26 लोगों के मारे जाने के बाद अशांत दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में आने वाली तथा वहां से जाने वाली सभी रेल सेवाओं को सोमवार को स्थगित कर दिया।

इन धमाकों में सैनिक और रेलवे कर्मी भी मारे गए थे। कुल 26 लोगों की जान गई थी। पाकिस्तान रेलवे ने एक बयान में बताया कि रेल सेवाएं सुरक्षा कारणों से चार दिन के लिए स्थगित की जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला शनिवार को बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा शहर के स्टेशन पर हुआ। इस हमले की जिम्मेदारी अलगाववादी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। हमले में कम से कम 62 लोग घायल भी हुए।

प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के अनुसार, प्रांतीय सरकार ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति एकजुटता जताने के लिए तीन दिन के शोक की घोषणा की और कहा कि सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। साथ ही उन्होंने अलगाववादियों के खिलाफ ''पूरी ताकत के साथ'' पलटवार करने का संकल्प लिया। गृह मंत्री मोहसिन नकवी स्थिति का जायजा लेने के लिए रविवार को क्वेटा आए थे। बुगती ने नकवी के साथ बैठक के बाद यह बयान दिया। नकवी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि प्राधिकारी ''आतंकवादियों को कुचलने पर निर्णायक कदम'' उठाएंगे और ''आतंकवाद के दंश'' से निपटने में स्थानीय बलूचिस्तान सरकार का समर्थन करेंगे।

रेल सेवाएं बलूचिस्तान की अर्थव्यवस्था का प्रमुख हिस्सा है। सैकड़ों लोग हर दिन रेलगाड़ियों से क्वेटा से देश के अन्य हिस्सों की यात्रा करते हैं।

# खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला के साथियों के पास से विदेशी पिस्तौल व फोन जब्त

ग्वालियर/भाषा

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में पकड़े गए कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह डल्ला के दो साथियों के पास ऑस्ट्रेलिया और चीन में बनी पिस्तौल व विदेशी आईएमईआई नम्बर वाले मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, नवजोत सिंह उर्फ नीतू और अनमोलप्रीत सिंह उर्फ विशाल नामक दो आरोपियों को एक यूट्यूबर की हत्या के सिलसिले में रविवार को पंजाब में गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने सात नवंबर को ग्वालियर के डबरा इलाके में जसवंत सिंह गिल की उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी थी। गिल को अपनी पत्नी के रिश्ते के भाई सुखविंदर की हत्या के लिए 2016 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और वह 28 अक्टूबर से पैरोल पर जेल से बाहर आया था।

अधिकारी ने कहा कि सुखविंदर के भाई सतपाल ने सात नवंबर को हत्या को अंजाम देने के लिए कनाडा से अपने रिश्ते के भाई जीतू सिंह उर्फ जीता को संभवतः 2.50 लाख रुपए भेजे थे। उन्होंने बताया, दो पिस्तौल मिली हैं जिनमें से एक ऑस्ट्रेलियाई 'ग्लॉक' पिस्तौल और दूसरी चीनी निर्मित पिस्तौल है और उनकी कीमत 15-15 लाख रुपए है। इनमें से एक पिस्तौल और विदेशी आईएमईआई (इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी) वाले मोबाइल फोन का इस्तेमाल सात नवंबर को हत्याकांड को अंजाम देने के लिए किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि उनकी जांच में पता चला है कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद नवजोत एवं अनमोलप्रीत टैक्सी से बृहस्पतिवार देर रात चंडीगढ़ भाग गए। इस टैक्सी को सतपाल ने बुक कराया था। उन्होंने बताया कि ग्वालियर में जिस होटल में वे रुके थे, वहां से मिले पहचान पत्र के आधार पर मध्य प्रदेश पुलिस को दोनों के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद पंजाब पुलिस से संपर्क किया गया।

अधिकारी ने बताया, हमने पंजाब पुलिस को उनकी तस्वीरें भेजी हैं। दोनों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया और पंजाब पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। बाद में हम उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर यहां लाएंगे। वे सात नवंबर को ही होटल में आए थे। जीता ने उन्हें स्थानीय जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि जब पीड़ित गिल पैरोल पर बाहर आया तो सतपाल ने जीता को एक लाख रुपए हस्तांतरित कर दिए तथा शेष 1.50 लाख रुपए सात नवंबर को वारदात के बाद ऑनलाइन भेजे गए। उन्होंने कहा, नवजोत और अनमोलप्रीत के चंडीगढ़ पहुंचने के बाद सतपाल ने उनकी ओर से कुछ भुगतान ऑनलाइन किए। हम सतपाल के ऑनलाइन लेन-देन पर नज़र रख रहे थे और पंजाब के अपने समकक्षों के साथ सारी जानकारी साझा कर रहे थे। गिल द्वारा सुखविंदर की हत्या के बाद सतपाल और उसका परिवार कनाडा चले गए। लेकिन सतपाल कभी-कभार यहां आता रहता था।

## प्रचार



वायनाड में सोमवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ, चुनाव से पहले रोड शो करती हुई।

# जापान में रिलीज होगी कल्कि 2898 एडी

मुंबई/एजेन्सी। ब्लॉकस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी, जापान में तीन जनवरी 2025 को रिलीज होगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म कल्कि 2898 एडी ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमाई।

क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से कल्कि 2998 एडी को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की।कल्कि 2898 एडी अब जापान में पहुंच रही है। यह फिल्म तीन जनवरी 2025 को जापान में रिलीज होगी।



# बेजुबानों को रवीना टंडन ने लिया गोद

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और पर्दे पर अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली अदाकारा रवीना टंडन ने सोशल मीडिया पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर की है। पोस्ट में बताया है कि उन्होंने बेजुबान जानवरों को गोद लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक प्यारा वीडियो अपलोड कर अभिनेत्री ने बताया कि उनके परिवार में एक नया सदस्य जुड़ गया है, जिसका नाम 'एल्सा' है।

जर्मन शेफर्ड 'एल्सा' को बारिश के दौरान हाईवे पर छोड़ दिया गया था। रवीना ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की, जिसमें वह 'एल्सा' का अपने घर में स्वागत करती नजर आ रही हैं। वीडियो में अभिनेत्री एल्सा और अन्य पेट्स के साथ खेलती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने रील के साथ कैप्शन में लिखा, इस दीपावली, हमारा दिल थोड़ा बड़ा हो गया क्योंकि हमारे परिवार में एल्सा नामक एक जर्मन शेफर्ड भी जुड़ गई है। एल्सा को बारिश के दौरान हाईवे पर छोड़ दिया गया था, जिसे पावडॉप्ट की शानदार टीम ने बचाया, उसे स्वस्थ किया और उसे जीवन जीने का दूसरा मौका दिया।

अभिनेत्री ने लोगों से अपील करते हुए आगे कहा यह सोचना दिल को दुखाने वाला है कि कोई इतने प्यारी, नासमझ जीव को छोड़ सकता है। अभिनेत्री ने बताया कि अलास्का नामक हस्की सहित उनके सभी पालतू जानवरों को गोद लिया गया है और उन्होंने सभी से पूरे दिल से पालतू जानवर रखने पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, पालतू जानवर रखने पर विचार करने वालों से मेरी प्रार्थना है कि प्लीज उन्हें दिल से गोद लें, हर पालतू जानवर को प्यार से भरा घर मिलना चाहिए, डरा हुआ भविष्य नहीं।

उन्होंने कहा कि एल्सा को हमारे पास लाने में मदद करने वाले और हमारे घर को उज्ज्वल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद। 'एल्सा तुम्हारा हमेशा के लिए घर में स्वागत है। यहां ढेर सारा प्यार और खुशी से भरी जिंदगी है। बता दें कि रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिषेक कपूर के निर्देशन में तैयार फिल्म 'आजाद' से डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म में राशा के साथ अभिनेता अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'आजाद' रॉनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर द्वारा निर्मित है। यह फिल्म जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर शानदार रिलीज के लिए तैयार है।

# आलिया भट्ट को लेकर महिला प्रधान फिल्म बनाएंगे नाग अश्विन!

मुंबई/एजेन्सी



दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक नाग अश्विन, बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को लेकर महिला प्रधान फिल्म बना सकते हैं। चर्चा है कि कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद नाग अश्विन अब महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रहे हैं। नाग अश्विन इस फिल्म के लिये आलिया भट्ट के संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म के लिये बिल्कुल फिट बैठती हैं।अश्विन और आलिया दोनों ही इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिलहाल इस फिल्म की कहानी को गुप्त रखा गया है। कहा जा रहा है कि नाग अश्विन ने एक शक्तिशाली महिला नेतृत्व पर केंद्रित एक स्क्रिप्ट तैयार की है। इस फिल्म को हैदराबाद स्थित प्रोडक्शन हाउस वैजयंती फिल्म्स द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

# काजोल बनीं कवयित्री



मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल को स्ट्रीमिंग थ्रिलर दो पत्ती में निभाई भूमिका के लिए काफी तारीफें मिल रही हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में कुछ-कुछ होता है अभिनेत्री शर्ट के साथ लॉन्ग स्कर्ट पहने नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में एक नोट भी डाला। काजोल ने लिखा और चांद की तरह ही तुम प्रकाश के, अंधकार के और बीच की हर चीज के चरणों से गुजरोगे और याद रखो तुम हमेशा एक ही चमक के साथ नहीं दिखाई दे सकते, तुम हमेशा, हमेशा संपूर्ण और अनाम हो। पोस्ट के अंत में उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा जस्ट दी रीड (बस इसे पढ़ें)। इससे पहले दो पत्ती अभिनेत्री स्ट्रीमिंग कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में दिखाई दी थीं, जहां उन्होंने कई मजेदार सवालों के जवाब दिए। एक सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने पति अजय देवगन को 'बाजीराव सिंघम' के उनके किरदार को निभाने के लिए ट्रेनिंग दी थी। काजोल अपनी सह-कलाकार कृति सेनन और शहीर शेख के साथ कॉमेडी शो में शामिल हुई थीं। कॉमेडी शो के एपिसोड के दौरान कलाकारों ने कपिल और उनकी टीम के साथ खूब मस्ती की। शो के एक क्लिप में कपिल ने काजोल से पूछा कि क्या उन्होंने अजय से कोई टिप्स ली है क्योंकि वह दो पत्ती में अपने करियर में पहली बार पुलिस वाले की भूमिका निभा रही हैं। इस पर काजोल ने जवाब दिया नहीं, क्योंकि मैंने ही उन्हें सिंघम के लिए ट्रेनिंग दी थी और वह जोर से हंस पड़ीं। दो पत्ती में काजोल के साथ अभिनेत्री कृति सेनन भी लीड रोल में हैं। कृति दो पत्ती में दोहरी भूमिका निभा रही हैं, जिसमें उनकी एक्टिंग को लेकर काफी तारीफ की जा रही है। दो पत्ती से पहले काजोल और कृति दिलवाले में भी साथ काम कर चुकी हैं।

# रश्मिका मंदाना ने अल्लू अर्जुन को दिया खास तोहफा

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने फिल्म पुष्पा के अपने को-स्टार अल्लू अर्जुन को खास तोहफा दिया है। अल्लू अर्जुन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा सा पल साझा किया है, जिसमें उनकी फिल्म पुष्पा को-स्टार रश्मिका मंदाना का दिल छू लेने वाला जेस्टर देखने मिल रहा है। पुष्पा: द राइज़ में श्रीवल्ली के किरदार से मशहूर हुई रश्मिका ने अपने इस इमोशन से भरे अंदाज से फैंस का दिल जीत लिया है। अल्लू अर्जुन ने एक खूबसूरत नोट और प्यारे गिफ्ट की झलक शेयर की है, जो उन्हें रश्मिका से मिला है। अपने पोस्ट में उन्होंने रश्मिका को धन्यवाद देते हुए उनके इस जेस्टर की सराहना की है। उन्होंने इस तरह से यह भी बताया है कि उनके बीच ऑफ-स्क्रीन भी एक गहरी दोस्ती है।

नोट में लिखा गया है, मेरी माँ ने कहा था कि किसी को चांदी का तोहफा देने से उसे सौभाग्य प्राप्त होता है।मुझे उम्मीद है कि यह छोटी सी चांदी और मिठाई आपके लिए और ज्यादा सौभाग्य, सकारात्मकता और प्यार लेकर आएगी। आपको और आपके खूबसूरत परिवार को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएँ!लव, रश्मिका मंदाना।इसके जवाब में, अल्लू ने लिखा, थैंक यू डियर। अब बहुत सारे लक की जरूरत है।रश्मिका, पुष्पा: द रूल के मच अवेटेड सीक्वल में श्रीवल्ली के किरदार में लौटने वाली हैं।

## फिल्म महोत्सव




सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) कर्टन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो बेंगलूरु साउथ ने अपने सदस्यों के बीच व्यवसाय संबंधित नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ' मेंबर्स कनेक्ट-बिजनेस सिनेर्जी ' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें संस्था के मूल सिद्धांतों को और भी गतिशील बनाने की दिशा में अनेक प्रोजेक्ट्स पर रोशनी डाली गई।



# हनुमंतनगर में विदाई एवं अभिनन्दन समारोह सानन्द संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां हनुमंतनगर में वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में एवं साध्वीश्री धर्मप्रभा जी म.सा., साध्वी श्री स्नेह प्रभाजी म.सा. के पावन सानिध्य में 'विदाई एवं अभिनन्दन समारोह का भव्य आयोजन 10 नवम्बर को मध्यान्ह में 2 बजे से 4 बजे तक हनुमंतनगर स्थित पीजीएसआर हॉल, मरुधर केसरी दरबार में सानन्द संपन्न हुआ। साध्वीवृन्द द्वारा अंजना सती चारित्र श्रीपाल चारित्र, 27 दिवसीय श्रीमद् उत्तराध्ययन सूत्र आराधना समवशरण पर प्रेरक भावपूर्ण विवेचना, श्रीमुद्र अन्तगड सूत्र पर विशिष्ट प्रेरक उद्‌बोधना, से संपूर्ण जनमानस में ज्ञान-दर्शन- चारित्र - तप मोक्ष-मार्ग में आगे बढ़ने में, जीवन शुद्धि, व्यवहार शुद्धि, आचार शुद्धि, मन शुद्धि पर विशिष्ट प्रेरक प्रवचनों से एक अभिनव क्रांन्ति का सूत्रपात हुआ। नवजागृति का संचार हुआ जिसके लिये हनुमंतनगर श्री संघ ने साध्वी मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं में प्रभा गुलेच्छा, संगीता धोका, संजय कुमार कचोलिया, किरण संचेती धनपत धारीवाल युवाध्यक्ष शीतलरांका, मुकेश ढलेरिया, मंजू बुरड़ सहित अनेक वक्ताओं ने अपने गुरु भक्ति भाव प्रदर्शित किये। पूर्व अध्यक्ष कल्याणसिंह बुरड ने अपनी बात रखी एवम प्रथम विहार हेतु संघ सदस्यों से विनंती की , त्यागराज नगर संघ के अध्यक्ष रमेश सिसोदिया एवम मंत्री महावीर गोटावत ने सेसेकाल की विनंती की। इस अवसर पर, धन संग्रह समिति चेयरमेन धनपतराज धारीवाल, सदस्य हुक्मीचंद कांकरिया, पारसमल दुग्गड़ आवास-निवास चेयरमैन मुकेश ढलेरिया सदस्य प्रवीण मुथा संदीप बाफणा, रोहित बागरेचा, सुरक्षा व्यवस्था चेयरमैन-हॉल व्यवस्था के महावीर बोहरा, सदस्य राजेश बाफना, संजय सिंघवी भोजन समिति चैयरमैन हेमंत लुंकड़, सदस्य प्रकाश लोढ़ा महेन्द्र धारीवाल, प्रचार-प्रसार समिति चेयरमैन सुरेश कुमार धोका, संजय कचोलिया, वैयावच्च समिति चेयरमैन महावीर बुबकिया, युवक मंडल अध्यक्ष शीतल रांका मंत्री किशोर बाफना, चेयरमैन संदीप मेहता किरण गादिया, धीरज बोहरा, राहुल मेहता गौरव सुराणा अनिकेत कांकरिया, रोशन मुथा, रौनक रालेच्छा, विहार सेवा चेयरमैन प्रदीप बोहरा, गुरुकुल चेयरमैन लतेश लोढ़ा, हनुमंतनगर जैन गुरुकुल के मास्टरजी संजय कचोलिया, अध्यापिका माला बोहरा, वंदना चोपड़ा , श्वेता धारीवाल, दीपिका मांडीत, रेखा भंडारी, लीला नाहर, मोनिका लोढ़ा , महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बालिया, मंत्री संगीता धोका आदि का अभिनन्दन हनुमंतनगर संघ की तरफ से किया गया। सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संघ अध्यक्ष गौतम चंद सिंघवी ने स्वागत भाषण दिया कार्यक्रम का संचालन संघ मंत्री सुरेश कुमार धोका ने किया।



# शासन माता के जीवन संस्मरणों को नाटक के माध्यम से किया प्रस्तुत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा गांधीनगर में साध्वी श्री उदितयशाजी की प्रेरणा से 'समण संस्कृति संकाय' जैन विद्या गांधीनगर ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों ने असाधारण साध्वी प्रमुखा साध्वीश्री कनकप्रभाजी के गौरवशाली जीवन गाथा पर आधारित संस्मरणों को एक नाटक के माध्यम प्रस्तुत किया। सभा मंत्री विनोद छाजेड ने स्वागत किया। बच्चों ने नौ-तत्व पर आधारित नाट्क सपना सोलंकी के नेतृत्व में प्रस्तुत किया। शिक्षिकाओं द्वारा 'बैलेंस दी लाइफ' स्किट की प्रस्तुति दी। गौतम डोसी ने 'जैन विद्या परीक्षाओं' की महत्ता को बताते हुए अभिभावकों को आध्यात्मिक ज्ञानार्जन हेतु बच्चों को रविवार को भेजने के लिए आह्वान किया। साध्वी प्रमुखा श्री कनक प्रभाजी की बचपन से अंत तक जीवन यात्रा की रोचक नाट्य प्रस्तुति दी गई। रोहित कोठारी, गगन बरडिया ने शासन माता की जीवनी को अपने मधुर स्वरों से आकर्षणमय बना दिया। पूजा सकलेचा, हर्ष बम्ब, रिद्धि बोहरा, आदित्य राज सेठिया, यशराज सेठिया, निखिल




बांठिया,मुदित छाजेड़, आदि बच्चों ने साध्वी प्रमुखा व आचार्य तथा साधु साध्वी के रूप में अपनी खूबसूरत ढंग से प्रस्तुति दी। इस आयोजन के प्रायोजक ललवानी व पोकरणा परिवार का सम्मान किया गया । सभा के अध्यक्ष पारसमल भंसाली तेयुप अध्यक्ष विमल धारीवाल, महिला मंडल अध्यक्षा रिजु डूंगरवाल, समण संस्कृति संकाय के संयोजक जुगराज श्रीश्रीमाल, महासभा से प्रकाश लोढा आदि गणमान्य गण उपस्थित थे। आभार मुख्य प्रशिक्षक हेमंत छाजेड़ ने किया। संचालन सहसंयोजक गौतम डोसी ने किया ।



# जीतो साउथ ने आयोजित किया मेंबर्स कनेक्ट बिजनेस सिनेर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु साउथ ने अपने सदस्यों के बीच व्यवसाय संबंधित नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ' मेंबर्स कनेक्ट-बिजनेस सिनेर्जी ' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें संस्था के मूल सिद्धांतों को और भी गतिशील बनाने की दिशा में अनेक प्रोजेक्ट्स पर रोशनी डाली गई। इस पहल के उद्घाटन समारोह में जीतो साउथ के चेयरमैन रंजीत सोलंकी ने सबका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सदस्यों के बीच व्यापार-व्यवसाय के नए अवसरों की संभावना को तराशना ' मेंबर्स कनेक्ट-बिजनेस सिनर्जी' का प्रमुख उद्देश्य रहेगा ।

कार्यक्रम में जीतो एपेक्स के पूर्व उप-चेयरमैन व जीतो बंगलौर के पूर्व चेयरमैन प्रकाश सिंघवी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का मूल मकसद सदस्यों के बीच नेटवर्किंग को बढावा देना है, जिससे आपसी बिजनेस को संबल मिल सके। जीतो एपेक्स के श्रमण आरोग्यम के प्रभारी निदेशक भेरुमल भंडारी ने इस अवसर पर इस परियोजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने जानकारी दी कि तेरह हजार से भी अधिक जैन साधु साध्वी इस योजना से जुडे है। श्रमण आरोग्यम की सफलता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि इतनी बडी संख्या में जैन साधु-साध्वियों के आरोग्य की सुरक्षा का लाभ मिल रहा है। जीतो साउथ के प्रमुख सचिव नितीन लूनिया ने इस नवीन पहल पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि सदस्यों के व्यवसाय को समझना और बेहतर विकास व विस्तार के लिए उचित नेटवर्किंग उपलब्ध कराना इस अभियान का उद्देश्य है । इस कार्यक्रम की खासियत यह थी कि अंग्रेजी अक्षरों के आधार पर सदस्यों के नाम वर्गीकृत किए गए है।

सभी 880 सदस्यों को विधिवत शामिल किया जाएगा, जिससे हर एक को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में चैप्टर के उप चेयनमैन महेंद्र जियानी व महेंद्र रांका, सह-कोषाध्यक्ष महावीर दांतेवाडिया व नरेंद्र संखलेचा, सचिव प्रतीक गांधी, कार्यक्रम संयोजक मनीष गुलेछा आदि उपस्थित थे।



# स्वस्थ खाने की आदत को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर के तत्वावधान में आयोजित समृद्ध राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत संस्कारशाला का सातवां चरण चामराजपेट स्थित जे एस एस कस्तूरबा स्कूल में आयोजित किया गया। नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल ने सभी का स्वागत किया।

'हेल्दी ईटिंग हेब्ट्सि' विषय पर मुख्य वक्ता शीतल दक सीपीएस जोनल ट्रेनर ने छात्रों को बताया कि हमें सुबह नाश्ता जरूर करना चाहिए और दिन भर पर्याप्त पानी पिएं। भोजन से पहले हाथ धोएं और विभिन्न रंगों के फल और सब्जियां प्रतिदिन खाएं। सोने से दो-तीन घंटे पहले भोजन करें। खाते समय टीवी या मोबाइल का उपयोग न करें। भोजन के बीच में पानी न पिए। जंक फूड तली हुई चीज चीनी युक्त खाद्य पदार्थ से बचें क्योंकि यह पदार्थ रोगों को जन्म देते हैं। शीतल दक ने बच्चों से स्वस्थ खाने की आदतों से जुड़ी हुई एक एक्टिविटी करवाई, ताकि बच्चे इसका महत्व समझ सके। वॉलीबॉल और नेट मंडल के द्वारा स्कूल को प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंत्री ज्योति संचेती ने आभार ज्ञापन किया। अध्यापिका श्रुति प्रिंसिपल योगिनी कुमारी उपस्थित रहे। संयोजिका श्रीमती तारा सेठिया का पूर्ण श्रम रहा।

# श्रावक जीवन की श्रेष्ठतम आराधना है उपधान : आचार्य अरिहंतसागर सूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। उपधान तप के महत्त्व के बारे में बताते हुए आचार्य श्री अरिहंतसागर सूरीश्वरजी म.सा. ने कहा कि नमस्कार महामंत्र जैसे महान मंत्र आदि गिनने का वास्तविक अधिकार 47 दिन तक गुरुकुलवास में रहकर तप आराधना कर गुरुमुख से विधिपूर्वक ग्रहण करने पर ही प्राप्त होता है। अतः यह प्रत्येक श्रावक का अनिवार्य कर्तव्य है। उपधान द्वारा साधु भगवंतों के सान्निध्य में रहकर साधु जैसा जीवन जीने का प्रशिक्षण प्राप्त होता है। उपधान यानी कुछ दिनों तक घर-परिवार व्यापार-व्यवहार से दूर होकर सीमित संसाधनों के बीच आंतरिक आनंद की अनुभूति करने का अनोखा अनुष्ठान। साधक के जीवन में ठोस सकारात्मक परिवर्तन लाने में उपधान महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी देखा जाएँ तो उपधान प्रत्येक उम्र वर्ग के लोगों के लिए फायदेमंद है। बच्चों के लिए बचपन में ही संस्कारों की नीव उपधान द्वारा डाली जा सकती है। किशोरों एवं युवानों को आज के विलासी वातावरण से दूर् कर सदाचार एवं सही समझ द्वारा उन्हें भटकने से बचाया जा सकता है। वयस्कों को भागदौड भरी जिंदगी से दूर तनावमुक्त जीवन जीने का मौका उपधान देता है तो वरिष्ठजनों के लिए सांसारिक संबंधों की ममता और मोह को कम कर अपेक्षा रहित जीवन जीने की कला भी उपधान सिखाता है।

पर्यावरण के दृष्टिकोण से देखा जाएं तो प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर उपधान के आराधक प्रदूषण से होने वाली जीवों की त्रासदी में अपनी हिस्सेदारी समाप्त कर देते हैं। सृष्टि के तमाम जीवों के जीने के अधिकार का सम्मान जैन धर्म की अहिंसा की अवधारणा में बताया गया है जिसका पालन उपधान द्वारा किया जाता है। उपधान याने जीवन की वह पाठशाला जहां प्रवचन एवं वाचना द्वारा औचित्य-पालन, विनय-विवेक आदि गुणों का थियरिटिकल कोर्स कराया जाता है और सच्चा श्रावक बनने की प्रेक्टिकल ट्रेनिंग दी जाती है। सादगी भरा जीवन और व्यस्त दिनचर्या द्वारा आराधक, आत्मा की सच्ची संपत्ति यानी गुणों को विकसित करने में प्रयत्नशील रहते हैं। प्रति वर्ष हज़ारों आराधक उपधान में जुडकर जीवन के यादगार क्षणों के साक्षी बनते हैं। गौरतलब है कि पार्श्व सुशील धाम में 15 दिसंबर से उपधान तप का प्रारंभ होगा।

## शेभा यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के विभिन्न कन्नड संगठन धार्मिक संगठन एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में संतोष गुरुजी के नेतृत्व में बेंगलूरु पैलेस ग्राउंड से विधानसभा तक आयोजित मां भुवनेश्वरी की विशाल शोभायात्रा में भाग लेते हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं महेंद्र मुणोत।



# 'चौथमल महाराज विलक्षण प्रतिभा के धनी थे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सकल जैन संघ, मंजुनाथनगर, शिवनगर के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित श्री वीरेन्द्रमुनिजी म.सा की पावन निश्रा में जैन दिवाकर, जगतबल्लभ गुरुदेव चौथमल जी म.सा की 147 वी जन्म जयंती श्री सिद्धगंगा सामूहिक भवन में मनाई गई। इस कार्यक्रम में पावन सान्निध्य प्रदान करने हेतु राजाजीनगर स्थानक से श्री पंकजमुनिजी म.सा., विजयनगर से साध्वीश्री सुधाकंवरजी, यशवंतपुर से साध्वीश्री डॉ. दर्शनप्रभाजी म.सा., श्रीरामपुरम से साध्वी श्री विपुलदर्शनाजी म.सा आदि संतवृंद उपस्थित हुए।

सभी साधु-साध्वी वृंदों ने चौथमल जी म.सा के गुण एवं जिन शासन के प्रति भावों का वर्णन करते हुए बताया कि बहुत कम ऐसे व्यक्ति होते है जिनके व्यक्तित्व एवं अद्भुत भाषण शैली से प्रवचन श्रवण करने मात्र से व्यक्ति की अंतरआत्मा परिवर्तित हो जाती है। इसी जन्म जयंती समारोह में गुणानुवाद करते हुए श्री वीरेंद्रमुनि जी ने चौथमल जी म.सा का जीवन परिचय दिया एवं उनके द्वारा हुए अनेक समाज सुधारक कार्यो की व्याख्या की।

कार्यक्रम में अल्पाहार एवं गौतम प्रसादी के सम्पूर्ण लाभार्थी संघवी उत्तमचन्द पुष्पादेवी आच्छा परिवार थे। स्वर्ण एवं रजत सिक्कों द्वारा लक्की ड्रा के लाभार्थी राजेश कुमार हितेन कुमार कोठारी परिवार थे। प्रभावना के लाभार्थी वृद्धिचन्द सुरेशकुमार पितलिया एवं रनितकुमार हर्षकुमार कोठारी परिवार थे।

कार्यक्रम में चेन्नई से आशा विनोद गादिया, राजाजीनगर संघ के उपाध्यक्ष रोशन नाहर, मंत्री नेमीचंद दलाल, विजयनगर संघ से कन्हैयालाल सुराणा, घेवरचंद कटारिया, श्रीरामपुरम संघ के अध्यक्ष शांतिलाल खीवेसरा, जीतो नार्थ चैप्टर के कोषाध्यक्ष संघवी नरेंद्रकुमार आच्छा, 'मोक्ष द्वार' के संपादक गौतम ओस्तवाल, यलहंका से मनोहरलाल लुंकड़ आदि गणमान्य श्रावक उपस्थित थे। स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष संघवी उत्तमचन्द आच्छा ने दिया। संघ के मंत्री राकेश जी दलाल ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए पधारे हुए सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अंकित आच्छा ने किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## गौशाला सहयोग

बेंगलूरु के शांतिनगर जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ द्वारा आदिनाथ जैन नवयुवक मंडल के प्रयास से मंड्या स्थित ध्यान फाउंडेशन गौ शाला मंडिया में गायों के लिए शेड बनाकर दिया गया।। रविवार को संघ के कोषाध्यक्ष लालचन्द गोठी ने इस शेड का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर गौशाला में महिलाओं द्वारा स्नात्र व वास्तु पूजा का आयोजन किया गया। शांतिनगर संघ के श्रद्धालुओं ने वापसी में रामनगर जैन मंदिर के दर्शन की पूजा की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## गुरु दर्शन यात्रा

बेंगलूरु के विजयनगर युवा संघ के 35 सदस्यों द्वारा रविवार को चेन्नई में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्यश्री महेंद्रऋषिजी, महाविदुषीश्री कंचनकंवरजी, विदुषीश्री प्रतिभाश्रीजी, जयगच्छिय विदुषीश्री शशिप्रभाजी, समता संघीय विदुषीश्री दिव्यदेशनाजी व विदुषीश्री राजमतीजी के दर्शन वंदन का लाभ लिया और धर्म-ज्ञानचर्चा में भाग लिया। संघ के युवा अध्यक्ष शंकर दक, मंत्री महावीर गुगलिया, सहमंत्री हितेश पगारिया, कोषाध्यक्ष सुनिल सामरा के नेतृत्व में एवं महिला मंडल की मंत्री पवन रांका आदि सदस्य उपस्थित थे। आशीष गांधी ने इस दर्शन यात्रा का पूर्ण संचालन किया।



# भीनमाल जैन संघ का दीपावली स्नेह मिलन सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के भीनमाल जैन संघ का 33वां दीपावली स्नेहमिलन नेलमंगला स्थित धर्मश्री रिज़ॉर्ट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संघ कें अध्यक्ष श्री जयंतीलाल चौहान एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। इसके बाद कोषाध्यक्ष शांतिलाल लुंकड ने वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष जयंतीलाल चौहान ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने वर्तमान कमेटी के 3वर्ष पूर्ण हो चुके है। इसके बावजूद भी सर्वसम्मति से जयंतीलाल चौहान को एक बार फिर संघ के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। चौहान अपनी नई कार्यकारिणी का चयन करेंगे।

स्नेह मिलन में समाज कें तपस्वियों और प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान कमलाबाई चाँदमलजी वाणीगोता परिवार द्वारा किया गया। दोपहर में हितेश मेहता द्वारा म्यूज़िकल तम्बोला का संगीतमय कार्यक्रम रखा गया। इस आयोजन में चेयरमैन रमेशहरण, उपाध्यक्ष उदयन वाणीगोता, सचिव वंशराज बोहरा, सहसचिव जयंतीलाल श्रीश्रीमाल, कोषाध्यक्ष शांतिलाल लूँकड, कार्यकारिणी सदस्य अशोक सालेचा, राजेश वाणीगोता, दिनेश सेठ, महेंद्रसेठ, भरत संघवी, सोकल भिमोनी, संजय भंडारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। संचालन विकेश संघवी ने किया।

# हेब्बाल में 23 से शुरु होने वाली भागवत कथा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । सीरवी समाज ट्रस्ट हेबाल आईमाता वडेर में 10 नवम्बर को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष पुनाराम बर्फा ने दीपावली की शुभकामनाएं दी। सचिव भलाराम सोलंकी ने बताया कि कथा वाचक संत कृपाराम महाराज व संत राजाराम महाराज के सान्निध्य में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन को लेकर चर्चा की गई। भागवत कथा का आयोजन 23 से 29 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक वडेर भवन में किया जाएगा।

कथा वाचक संत कृपाराम महाराज कथा का वाचन करेगें। 23 नवम्बर को विशाल शोभा यात्रा व वरघोड़ा निकाला जाएगा। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर संस्था के पूर्व सचिव सोहनलाल राठौड़, चिमनाराम चोयल, वीरमराम राठौड़ आदि मौजूद रहे।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com